


दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 292/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

भोपाल, मंगलवार 03 जून 2025 भोपाल से प्रकाशित | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14 | dainiksandhyaprakash.in


### आज से राम मंदिर में दूसरी बार प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू



लखनऊ। श्रीराम जन्मभूमि में मंगलवार सुबह 6.30 बजे से दूसरे प्राण प्रतिष्ठा समारोह की शुरुआत हो गई है। 3 से 5 जून तक चलने वाले इस समारोह में राम जन्मभूमि के पहले तल पर राम दरबार, परकोटा के छह मंदिर शिवलिंग, गणपति, हनुमान, सूर्य, भगवती और अन्नपूर्णा, साथ में शेषावतार मंदिर, इन आठ मंदिरों में देव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार केंद्रीय मंत्रियों की परिषद की बैठक होगी

## मोदी कल बैठक में कर सकते हैं ऑपरेशन सिंदूर पर बात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को केंद्रीय मंत्रियों की परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे जो कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की दंडात्मक सैन्य कार्रवाई के बाद पहली बैठक है। यह कार्रवाई पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में की गई थी। मंत्री परिषद की बैठक के दौरान इस ऑपरेशन की विस्तृत जानकारी दी जा सकती है। यही मंत्री गण अगले सप्ताह मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रमों में भी शामिल होने वाले हैं। ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के अलावा प्रधानमंत्री परिषद की बैठक में अपने शासन की प्रमुख विशेषताओं पर भी प्रकाश डाल सकते हैं क्योंकि मंत्री वर्षगांठ के कार्यक्रमों के दौरान देशभर में लोगों के साथ संवाद करने की तैयारी कर रहे हैं।

भारत द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले गुलाम जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में नौ आतंकी स्थलों पर किए गए सटीक हमले और इसके बाद पड़ोसी देश के सैन्य ठिकानों विशेष रूप से एयरबेस पर की गई जवाबी कार्रवाई पीएम मोदी के हालिया भाषणों का एक प्रमुख विषय रही हैं। उन्होंने यह पुष्टि की है कि ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादी कृत्यों को दंडित करने में भारत के न्यू नार्मल को चिह्नित किया है।

### पीएम मोदी विदेश गए सांसदों के डेलिगेशन से लेंगे फीडबैक

पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद और ऑपरेशन सिंदूर की सच्चाई से दुनिया को अवगत कराने गए सांसदों और राजनयिकों के प्रतिनिधमंडल की वापसी बुधवार सुबह से शुरू हो जाएगी। माना जा रहा है कि अगले सप्ताह खुद प्रधानमंत्री भी इन प्रतिनिधमंडलों से मुलाकात करेंगे और फीडबैक लेंगे। विश्व के 33 देशों में कुल दस दिनों की यात्रा बहुत सफल मानी जा रही है जिसमें औपचारिक और अनौपचारिक चर्चा में भारत के सांसदों ने न सिर्फ संबंधित सरकारों बल्कि वहां के थिंक टैंक और बुद्धिजीवियों को हर पहलू पर भारत के विचारों से सहमत कराने की कोशिश की।

## पीएम मोदी ने बाढ़ प्रभावित असम और सिक्किम के मुख्यमंत्री से की बात, हर संभव मदद का दिया आश्वासन

पूर्वोत्तर राज्यों में बाढ़ के कारण स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पूर्वोत्तर राज्यों के कई मुख्यमंत्रियों से बाढ़ के कारण उत्पन्न हुई स्थिति पर बात की। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग और मणिपुर के राज्यपाल अजय भल्ला से बात की। इस दौरान उन्होंने भारी बारिश और बाढ़ के कारण उत्पन्न हुई स्थिति के बारे में भी जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने उन्हें हर संभव मदद और समर्थन का आश्वासन दिया।

इससे पहले, सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने पूर्वोत्तर राज्यों के कई हिस्सों में हो रही लगातार भारी बारिश पर गहरी चिंता जताई थी।

जे.पी. नड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की और भाजपा की राज्य इकाइयों और कार्यकर्ताओं को राहत कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने का निर्देश दिया है।




## राहुल गांधी का भोपाल में हुआ भव्य स्वागत, ढ़ोल-मंजीरे बजा पार्टी कार्यकर्ताओं ने माहौल को किया कांग्रेसमय

**भोपाल।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज मंगलवार को मध्य प्रदेश दौरे पर भोपाल पहुंचे हैं। यहां उनका उत्साहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त स्वागत किया और ढोल-मंजीरों के साथ नाचते-गाते माहौल को कांग्रेसमय बना दिया।





भोपाल एयरपोर्ट से पीसीसी कार्यालय के बीच में जगह-जगह मंच बनाकर राहुल गांधी का भव्य स्वागत किया गया है। भोपाल एयरपोर्ट पर राहुल गांधी का स्वागत कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार समेत पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेताओं ने किया। इसके बाद एयरपोर्ट से पीसीसी दफ्तर जाने के लिए राहुल गांधी का काफिला आगे बढ़ा इसी दौरान रास्ते में कुछ पार्टी कार्यकर्ता जोश में आकर उनकी गाड़ी के समक्ष भी आ गए। जोश में पार्टी कार्यकर्ता राहुल गांधी के नारे लगा रहे थे। तभी पुलिस ने कार्यकर्ताओं को रास्ते से अलग करते हुए काफिले को आगे बढ़ाया।

इस भव्य स्वागत के साथ ही राहुल गांधी पीसीसी दफ्तर पहुंचे जहां उन्हें कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) की बैठक लेनी है। राहुल गांधी ने पीसीसी कार्यालय के बाहर इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। यहां बताते चलें कि राहुल गांधी भोपाल में करीब 6 घंटे रहने वाले हैं। इसी बीच दोपहर बाद राहुल गांधी रवीन्द्र भवन में जिलाध्यक्षों और ब्लॉक अध्यक्षों के अधिवेशन को संबोधित भी करेंगे। इस प्रकार राहुल गांधी का यह दौरा खास माना जा रहा है, जो कि संगठन को मजबूती प्रदान करने वाला है।

### सीएम मोहन यादव बोले- दादी को पुष्पांजलि देते हुए जूते नहीं उतारे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राहुल गांधी के दौरे पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अपनी दादी इंदिरा गांधी को पुष्पांजलि देते हुए जूते नहीं उतारे। ये हमारी संस्कृति के विरुद्ध है। उनको थोड़ा ध्यान रखना चाहिए।

सांध्यप्रकाश विशेष

## स्वच्छता के साथ ही कला के क्षेत्र में भी इंदौर बनेगा अव्वल

**इंदौर।** संस्कृति विभाग भारत सरकार के सचिव विवेक अग्रवाल ने आज इंदौर के लालबाग, केन्द्रीय संग्रहालय आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भारत सरकार द्वारा संग्रहालय के विकास कार्यों की प्रस्तावित योजना की समीक्षा की। साथ ही संग्रहालय में संजोयी पुरातत्वीय धरोहर तथा उसके प्रदर्शन की जानकारी ली। सचिव विवेक अग्रवाल द्वारा संग्रहालय में ऑडियो गाईड व संग्रहालय भवन में प्रदर्शन व्यवस्था के संबंध में विभाग की ओर से स्क्रीप्ट तैयार करने के संबंध में निर्देश दिये गये, जिससे दर्शकों को इतिहास व पुरासामग्री की जानकारी रूचिकर रूप से प्रस्तुत की जा सके। सचिव अग्रवाल द्वारा पटना संग्रहालय के अनुरूप संग्रहालय प्रदर्शन पर जोर दिया गया तथा संग्रहालय के स्टाफ तथा वास्तुविद को पटना संग्रहालय का अध्ययन किये जाने के निर्देश दिये गये। संग्रहालय के प्रस्तावित कैफेटरिया एवं सुविधा घर आदि के संबंध में भी जानकारी ली। उनके द्वारा कैफेटेरिया को भी युवाओं के अनुरूप बनाये जाने पर जोर दिया गया, जिससे अधिक से अधिक युवा संग्रहालय से जुड़ सके। सचिव अग्रवाल ने कहा कि इंदौर प्रदेश की वाणिज्यिक राजधानी होने के साथ-साथ साफ-सफाई में भी नंबर वन है। अब इसे कला के क्षेत्र में भी नंबर वन बनाना है।



## होंगे आप कमल हासन, पर भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचा सकते: हाईकोर्ट

**बेंगलुरू एजेंसी।** कन्नड़ भाषा को लेकर विवादित टिप्पणी करने के सिलसिले में साउथ सुपरस्टार कमल हासन को कर्नाटक हाईकोर्ट से फटकार पड़ी है। कोर्ट ने कमल हासन को लेकर कहा है कि आप बेशक कमल हासन होंगे लेकिन आपको किसी की भावनाएं आहत करने का कोई हक नहीं है। कमल हासन की अपकमिंग फिल्म 'ठग लाइफ' को लेकर कर्नाटक हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान बड़ा बवाल खड़ा हो गया है। दरअसल, अभिनेता द्वारा हाल ही में दिए गए एक विवादित बयान ने राज्य में जबरदस्त नाराजगी फैला दी है। अब इस मुद्दे पर कर्नाटक हाईकोर्ट ने उनकी कड़ी आलोचना की है और उनकी भूमिका पर सवाल उठाए हैं। बता दें कमल हासन फिल्म के प्रमोशन के दौरान कह दिया था कि 'कन्नड़ तमिल भाषा से ही पैदा हुई है'।



**हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी:** सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने कमल हासन के बयान पर नाराजगी जताते हुए कहा कि 'कोई भी नागरिक जनभावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं रखता।' उन्होंने आगे कहा कि 'जल, भूमि और भाषा, ये तीनों हर नागरिक की पहचान से जुड़ी होती हैं। देश का विभाजन भी भाषायी आधार पर हुआ था।' कोर्ट ने हासन के बयान को असंवेदनशील और विभाजनकारी बताया।





## भाजपा की संगठनात्मक प्रशिक्षण बैठक का शुभारंभ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में संगठनात्मक प्रशिक्षण बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं मुहापुरूषों को पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश सिंह चतुर्वेदी, कांतदेव सिंह, सांसद आलोक शर्मा, प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत एवं सांसद कविता पाटीदार मंचासीन रहीं।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पचमढ़ी में आम प्रदर्शनी में आम उत्पादक किसानों से भेंट की।

### मुख्यमंत्री आज पचमढ़ी को देंगे करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 3 जून को पचमढ़ी स्थित राजभवन में मंत्रि-परिषद की बैठक होगी। यह ऐतिहासिक बैठक पराक्रमी राजा भभूत सिंह को समर्पित होगी। बैठक में जनजातीय विरासत, प्राकृतिक संपदा और विकास के लिये नये संकल्प किये जायेंगे। यह अवसर जनजातीय नायकों के गौरव पचमढ़ी जैसे धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय रूप से महत्वपूर्ण स्थल को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक निर्णायक कदम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पचमढ़ी प्रवास के दौरान मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग के अंतर्गत 33.88 करोड़ रुपये की लागत के 11 विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे और लगभग 20.49 करोड़ रुपये की लागत के 6 कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे।

## मुख्यमंत्री कल करेंगे क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा का शुभारंभ

**भोपाल निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 4 जून को प्रातः 8 बजे उज्जैन के रामघाट से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आयोजित क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा का शुभारंभ करेंगे। इस आयोजन में 5 जून गंगा दशहरा को मुख्यमंत्री माँ क्षिप्रा को 351 फीट लंबी भव्य चुनरी अर्पित करेंगे। श्रद्धा, संस्कृति और जल संरक्षण के भाव को समर्पित यह आयोजन गंगा दशहरा पर्व की पूर्व संध्या पर होगा। क्षिप्रा लोक संस्कृति समिति के इस दो दिवसीय तीर्थ परिक्रमा आयोजन में संतों, इतिहासकारों, साहित्यकारों और विषय विशेषज्ञों सहित हजारों श्रद्धालु सहभागी होंगे। यात्रा मार्ग में पौराणिक और ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन के साथ-साथ धार्मिक कार्यक्रम भी होंगे।

**परिक्रमा पथ और कार्यक्रम:** क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा उज्जैन के रामघाट से 4 जून को प्रारंभ होकर नरसिंह घाट, कर्कराज मंदिर, नानाखेड़ा, त्रिवेणी, शनि मंदिर और गुरुकुल स्कूल तक जाएगी। यहाँ विश्राम एवं प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। यात्रा पुनः प्रारंभ होकर सिकंदरी, गोठड़ा, चिंतामण, भूखी माता, गुरुनानक घाट होते हुए शाम को रामघाट लौटेगी। यहाँ प्रसिद्ध भजन गायक श्री पवन तिवारी की संगीतमय प्रस्तुति होगी।

### उज्जैन में स्पिरिचुअल एंड वेलनेस समिट 5 जून को

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामय उपस्थिति में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा 5 जून को उज्जैन में स्पिरिचुअल एंड वेलनेस समिट का आयोजन किया जायेगा। इस समिट का उद्देश्य मध्यप्रदेश को वैश्विक वेलनेस हब के रूप में स्थापित करना तथा उज्जैन को वेलनेस सेक्टर की प्रमुख केंद्रस्थली के रूप में अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना है। इस आयोजन के माध्यम से योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, जनजागरूकता, आध्यात्मिकता तथा वेलनेस आधारित उद्योगों में निवेश और सहयोग को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। वेलनेस समिट को सफल बनाने के लिए आनंद, पर्यटन एवं आयुष विभाग द्वारा समन्वित प्रयास एवं सक्रिय सहयोग किया जा रहा है। भारत के हृदयस्थल में स्थित उज्जैन एक प्राचीन और धार्मिक नगरी के रूप में प्रसिद्ध है।

## भोपाल की जान्हवी मल्होत्रा बनीं मिस यूनिवर्स मध्यप्रदेश जीता 2025 का खिताब



**भोपाल।** मिस यूनिवर्स एमपी-2025 का खिताब जान्हवी मल्होत्रा ने अपने नाम कर लिया। फर्स्ट रनर अप ताप्ती ठाकुर और सेकंड रनर अप श्रेया बेड़िया रहीं। खिताब जीतने के बाद जान्हवी ने खुशी जाहिर की है। सालों की मेहनत के बाद मुझे अब अपना स्टेट रिप्रजेंट करने का मौका मिलेगा। शुरुआती राउंड में नर्वस नेस होती थी। लेकिन, मुझे पता था जीतना है, जीतने के लिए आई हूं और जीतकर जा रही हूं। सोमवार को भोपाल में एक निजी होटल में मिस यूनिवर्स एमपी-2025 का ग्रैंड फिनाले आयोजित किया गया। देर रात तक चले कार्यक्रम में मॉडल्स ने रैंप पर जलवे बिखेरे। कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक डांस परफॉर्मेंस भी दी गई। वहीं, फिनाले में मॉडल्स को अलग-अलग टाइटल दिए गए। सोमवार शाम को कॉकटेल राउंड से फिनाले शुरू हुआ। सभी 13 फाइनलिस्ट्स ब्लैक वन पीस पहनकर रैम्प पर उतरीं। अपनी चाल-ढाल, एटीट्यूड और आत्मविश्वास से जजेस और दर्शकों को प्रभावित किया। इस राउंड में सिर्फ लुक्स ही नहीं, बल्कि प्रतिभा की भी झलक दिखी।

## 5 जून तक भारी बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली एजेंसी।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने देश के कई हिस्सों में 5 जून 2025 तक भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। यह अलर्ट विशेष रूप से पूर्वोत्तर राज्यों, दक्षिण भारत और मध्य भारत के कुछ हिस्सों के लिए है। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून की शुरुआत और एक निम्न दबाव क्षेत्र के प्रभाव से देश के विभिन्न क्षेत्रों में मौसम का मिजाज तीव्र हो गया है।

**पूर्वोत्तर भारत में भारी बारिश का अलर्ट:** आईएमडी ने असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड में 3 से 5 जून तक भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है। कुछ इलाकों में अत्यधिक भारी बारिश (20 सेंटीमीटर से अधिक) की संभावना भी जताई गई है। मेघालय और असम में पहले ही बारिश से संबंधित घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें भूस्खलन और डूबने की घटनाएं शामिल हैं। मौसम विभाग ने इन राज्यों में बाढ़ और भूस्खलन का खतरा बढ़ने की आशंका जताई है। वहीं केरल, तटीय कर्नाटक, गोवा और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में 5 जून तक भारी बारिश की संभावना है। केरल में पहले ही आठ जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया था, और अब भी कई क्षेत्रों में भारी बारिश का अनुमान है। तटीय कर्नाटक में भी रेड अलर्ट जारी किया गया है, जहां भूस्खलन और बाढ़ जैसी घटनाएं पहले ही दर्ज की जा चुकी हैं।






3 साल बाद आईपीएल को नया चैंपियन मिलेगा

## आईपीएल: फाइनल में आज भिड़ेंगी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स



**अहमदाबाद।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स की टीमें आईपीएल 2025 के खिताबी मुकाबले के लिए तैयार हैं। दोनों टीमें लंबे समय बाद फाइनल में पहुंची हैं और अब तक कभी खिताब नहीं जीत सकी हैं। आरसीबी और पंजाब के बीच फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा और इन दोनों टीमों की कोशिश खिताब का सूखा समाप्त करने की होगी। मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा, जबकि टॉस उससे आधे घंटे पहले यानी शाम सात बजे होगा। दोनों को 18 साल से पहले टाइटल का इंतजार है। पिछला नया चैंपियन 2022 में मिला था, तब गुजरात टाइटंस ने राजस्थान को फाइनल हराया था। 3 साल बाद नया चैंपियन मिलेगा। बेंगलुरु चौथी और पंजाब दूसरी बार फाइनल में पहुंची है, लेकिन दोनों टीमों के बीच आपस में पहला ही फाइनल होगा। आरसीबी 2009, 2011 और 2016 में फाइनल हार चुकी है, वहीं पीबीकेएस को 2014 में इकलौता फाइनल गंवाना पड़ा था।

### कोहली और अय्यर पर रहेंगी सबकी निगाहें

फाइनल मुकाबले में एक बार फिर सभी की नजरें विराट कोहली पर टिकी होंगी जिन्होंने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा है। कोहली इस सीजन शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और उनके फाइनल में बड़ी पारी खेलने की उम्मीद होगी। कोहली आईपीएल की शुरुआत से ही आरसीबी से जुड़े हुए हैं और यह उनका चौथा फाइनल मुकाबला होगा। कोहली (614 रन) ने हर साल की तरह इस बार भी अच्छा प्रदर्शन किया है। वह इस साल भी आरसीबी की बल्लेबाजी के मुख्य स्तंभ रहे। उधर, पंजाब किंग्स के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर ने दमदार प्रदर्शन किया था।

### बारिश हुई तो रिजर्व डे मौजूद है पर सुपर ओवर भी नहीं हुआ तो विजेता होगा पंजाब

बारिश की संभावना को देखते हुए राहत की बात यह है कि इस बार भी फाइनल के लिए रिजर्व डे रखा गया है। आईपीएल 2025 के विजेता का फैसला अगर निर्धारित मैच के दिन मंगलवार को नहीं होता है तो मैच चार जून को खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने प्लेऑफ और फाइनल मैच के लिए कट ऑफ बढ़ाया था। बीसीसीआई ने मैच को पूरा कराने के लिए 120 मिनट अधिक यानी दो घंटे का अतिरिक्त समय रखा है। इसके अनुसार, रात 9.30 बजे तक मैच शुरू होने की स्थिति में ओवरों में कटौती नहीं की जाएगी। पांच-पांच ओवर का मैच कराने के लिए कट ऑफ टाइम रात 11.56 है। अगर उस वक्त तक भी मैच नहीं हो सका तो मुकाबला रिजर्व डे के दिन यानी बुधवार को खेला जाएगा। बारिश ने अगर अगले दिन भी खलल डाली और मुकाबला रिजर्व डे में नहीं हो सका तो दोनों टीमें सुपर ओवर खेलेंगी और सुपर ओवर में यह निर्धारित किया जाएगा कि कौन सी टीम चैंपियन बनेगी। सुपर ओवर कराने के लिए 20 मिनट का अतिरिक्त समय रखा गया है।

# राहुल गांधी का भोपाल में अभिनंदन, बैठक





भोपाल। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी मंगलवार को भोपाल पहुंचे। उनका राजाभोज एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। राहुल गांधी मध्य प्रदेश कांग्रेस के महत्वाकांक्षी संगठन सृजन अभियान की शुरुआत करने के लिए राजधानी पहुंचे हैं। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंचने पर राहुल गांधी का जोरदार स्वागत किया गया। ।










# ग्रीन इम्प्रेशन्स कला शिक्षकों की कार्यशाला का उद्घाटन, पर्यावरण और कला की नई दृष्टि की पहल

**भोपाल ।** अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर में तीन दिवसीय आवासीय कार्यशाला ग्रीन इम्प्रेशन्स कला, पर्यावरण और अभिव्यक्ति का शुभारंभ हुआ। नेशनल सेंटर फ़ॉर ह्यूमन सेटलमेंट्स एंड एनवायरनमेंट, चाइल्ड राइट्स ऑब्ज़र्वेटरी मध्यप्रदेश और आर्ट-डिज़ाइन टीचर्स फ़ोरम द्वारा अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, भोपाल के सहयोग से आयोजित की जा रही यह विशेष कार्यशाला में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित 30 से अधिक कला शिक्षक भाग ले रहे हैं। यह कार्यशाला कला के ज़रिए पर्यावरण के प्रति समझ और संवेदना विकसित करने का प्रयास है। कार्यशाला का उद्घाटन एकलव्य फाउंडेशन की निदेशक टुलटुल बिस्वास ने किया। उन्होंने कहा कि कला और पर्यावरण को साथ रखकर की गई यह पहल न केवल रचनात्मक संवर्धन है, बल्कि यह प्रकृति को देखने, समझने और कुछ कर सकने की दृष्टि भी विकसित करती है। पर्यावरणविद और एनसीएचएससी के महानिदेशक डॉ. पी. के. नंदी ने पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा, ÷प्रकृति और पर्यावरण में सब कुछ समाहित है – पेड़, नदियाँ, तालाब, पंछी, इंसान, जानवर, स्वच्छता और कचरा – ये सभी एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। इनका चिंतन केवल पर्यावरण दिवस तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने पर्यावरण के विभिन्न मुद्दों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। अज़ीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, भोपाल के रजिस्ट्रार सत्यजीत नांबियार ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारी यूनिवर्सिटी उत्कृष्ट शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध है। इस प्रकार की पहल में हमारा सहयोग सदैव रहेगा ताकि एक सजग और सतत समाज की परिकल्पना साकार हो सके।÷ स्वागत उद्बोधन रश्मि सारस्वत ने किया और कार्यशाला का संयोजन सुनिल शुक्लने किया है। कार्यशाला का संचालन मुंबई की प्रख्यात कलाकार, लेखिका और स्टोरीवीवर इंदु हरिकुमार द्वारा किया जा रहा है। कार्यशाला की शुरुआत करते हुए उन्होंने एक डॉक्यूमेंट्री लैंडफ़िल हार्मोनिक दिखाई और उस पर बात की। लैंडफिल हार्मोनिक एक प्रेरणादायक डॉक्युमेंट्री फिल्म है जो पराग्वे के कातुरा नामक बेहद गरीब और प्रदूषित इलाके की कहानी बताती है। यहाँ के बच्चों ने कचरे के ढेर से संगीत वाद्य यंत्र बनाकर एक ऑर्केस्ट्रा तैयार किया, जिसे ÷रेक्लाइकल्ड ऑर्केस्ट्रा ऑफ कातुरा÷ कहा गया। इन वाद्य यंत्रों को पूरी तरह फेंके गए डब्बों, लकड़ी के टुकड़ों, तेल के ड्रम और अन्य रद्दी सामान से बनाया गया। यह फिल्म न केवल पर्यावरणीय जागरूकता की मिसाल है, बल्कि यह भी दिखाती है कि संगीत, रचनात्मकता और सामूहिक प्रयास कैसे जीवन को दिशा दे सकते हैं, चाहे हालात कितने भी कठिन क्यों न हों। लैंडफिल हार्मोनिक एक प्रेरक संदेश देती है कि कला और जुनून के सहारे कचरे से भी दुनिया को बदला जा सकता है। उसके बाद प्रतिभागियों ने फ़िल्म से प्रभावित होकर वेस्ट मटेरियल से वाद्य यंत्र बनाये।
















भोपाल। टीटी नगर स्टेडियम से वर्ल्ड बायसिकल डे पर रैली निकाली गई





## सांध्यप्रकाश विशेष

# इंसाफ का मंदिर है ये भगवान का घर है

### 48 वर्ष तक जेल में रहकर निरपराध आरोपी दोषमुक्त



**त्वरित टिप्पणी**
**जी. के. छिब्बर**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने लाखन बनाम स्टेट ऑफ यूपी की याचिका में अपील स्वीकार कर याचिकाकर्ता को हत्या के अपराध में दोषमुक्त कर दिया यह निर्णय न्यायिक जगत में चर्चा का विषय बन गया है।

मुकदमे का सबसे महत्वपूर्ण पहलू अपीलकर्ता लाखन की उम्र रिहाई के वक्त 104 वर्ष होना है और उसे परीक्षण न्यायालय से 1977 में अन्य आरोपी गणों के साथ आजन्म कारावास की सजा हुई थे जिसकी अपील उच्च न्यायालय इलाहाबाद में की गई थी जिसका निर्णय जून 2025 में आया और लाखन को 48 वर्ष पश्चात दोषमुक्त पाए जाने पर बरी किए जाने के आदेश दिए गए जबकि अन्य आरोपी जेल में सजा के दौरान ही मर गए। सवाल यह उठ रहा है की 48 वर्ष बिना अपराध के जैल की सजा का जिम्मेदार कौन है न्याय में देरी का का दायित्व किसका का है।

लाखन जब 104 वर्ष की उम्र में बरी होकर आया तो करीब सभी रिश्तेदार मर चुके थे केवल उसकी पोती जीवित थी उसके जीवन के आधे से अधिक वर्ष जेल की सजा में ही गुजर गए यह कैसा इंसाफ है?

संविधान ने कानून के समक्ष समानता का अधिकार दिया है तो यह देखा गया की कांग्रेस प्रवक्ता पावन खेड़ा की गिरफ्तारी के कुछ ही घंटो में सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ की चल रही सुनवाई के बीच तुरंत जमानत दी गई और व्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार के महत्व को बताया गया इसी तरह तीस्ता सीतलवाड़ को अवकाश के दिन विशेष पीठ गठित कर जमानत दी गई ऐसे में लाखन के न्याय में 48 वर्ष की देरी पर सवाल उठना स्वाभाविक है यह उल्लेखनीय है कि लाखन की तथा सेकडो कैदी है जो वर्षो से जेल में सड़ रहे है क्योंकि उनके पास वकील करने की क्षमता नही है। यह भी सवाल उठ रह है की पश्चिम बंगाल पुलिस ने शर्मिष्ठा को हरियाणा से अभिव्यक्ति के दुरूपयोग पर गिरफ्तार क्यों किया और उसे जमानत क्यों नही मिल सकी यह दोहरी न्यायप्रक्रिया चिंतन का विषय है।




**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पटना प्रवास के दौरान बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की।**

## पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र का नगरीय प्रशासन आयुक्त ने किया दौरा

**भोपाल।** नगरीय प्रशासन विकास आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने सोमवार को धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र में कमजोर वर्ग के व्यक्तियों के लिये बनाये जा रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों की जानकारी ली। आयुक्त ने बैठक में क्षेत्र में निर्माणाधीन विकास कार्यों की समीक्षा भी की। आयुक्त ने कहा कि संजय जलाशय विकास कार्य के लिये अनुभवी योजनाकार से विस्तृत कार्य योजना बनवायी जाये। योजना में सिटी और बैम्बो फॉरेस्ट, हेलीपेड, योगा पार्क के साथ सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं के स्कल्पचर, ओपन जिम और रेस्टोरेंट के कार्य शामिल हैं। इस कार्य पर 20 से 25 करोड़ रुपये की राशि व्यय होना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि यह कार्य आगामी सिंहस्थ के आयोजन को देखते हुए मार्च-2026 तक पूरे किए जाएं। आयुक्त श्री भोंडवे ने सागौर में राजस्व अधिकारियों के साथ समन्वय कर अतिक्रमित भूमि से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिये। उन्होंने जरूरतमंदों के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना के शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों को जानकारी देने की बात कही।

# 138 वर्ष पुराना है पचमढ़ी का राज भवन, जहां होने जा रही है कैबिनेट बैठक




**पचमढ़ी/नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले की सतपुड़ा की वादियों में बसा प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी अपने नैसर्गिक सौन्दर्य एवं प्राकृतिक झरनों के लिए तो जाना ही जाता है साथ ही पचमढी में स्थित राजभवन अपनें आप में एक ऐतिहासिकता समेटे हुए है। अंग्रेजो नें पचमढी को अपनी ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाया था। बाद में पूर्ववर्ती सरकारों ने भी इसे ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाया था। अंग्रेजी शासन काल में सन 1887 में राजभवन का निर्माण हुआ उस समय 91 हजार 334 रुपए की लागत से राजभवन का निर्माण किया गया था। राजभवन में स्थित बाल रूम का निर्माण कार्य 1910 में एवं काउंसिलिंग चेंबर दरबार हॉल 1912-13 में किया गया था। समय समय पर राजभवन को रेनोवेट भी किया जाता रहा है। पचमढ़ी में स्थित राजभवन इतना ऐतिहासिक है कि 80 के दशक में भी यहां कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई थी। मध्यप्रदेश की कैबिनेट बैठक आज इसी एतिहासिक राजभवन में आयोजित की जाएगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली इस कैबिनेट बैठक के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। आज 3 जून को दोपहर में राजभवन कैबिनेट बैठक का साक्षी बनेगा।

# मध्य प्रदेश सरकार के लिए जनकल्याण और जन सेवा सर्वोपरि: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार के लिए जन सेवा के कार्य और जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सर्वोपरि है। यह वर्ष अनेक सेवा प्रकल्पों के कारण जाना जाएगा। जन सेवा और सुशासन की प्रतीक लोकमाता अहिल्या देवी जी के 300 वें जन्मदिन को उल्लास से मनाया गया। भोपाल में हुए कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति थी और भोपाल के नागरिकों ने इस कार्यक्रम को स्मरणीय बना दिया। अब जनजातीय योद्धा राजा भभूत सिंह के सम्मान में पचमढ़ी में केबिनेट बैठक रखी गयी है। मुख्यमंत्री डॉ यादव आज भोपाल के सुभाष नगर खेल मैदान में वरिष्ठ नेता स्वर्गीय कैलाश नारायण सारंग की जयंती और श्रीमती प्रसून सारंग की स्मृति में हुए कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मातृ-पितृ भक्ति दिवस के रूप में हुए इस कार्यक्रम में



जहां वरिष्ठ जन का सम्मान किया गया, वहां सामूहिक विवाह भी संपन्न हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग द्वारा माता-पिता की स्मृति में यह आयोजन सराहनीय है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए माता-पिता के साथ बिताया समय यादगार होता है।

प्रत्येक व्यक्ति का जन्म लेना और मृत्यु को प्राप्त होना तय है, लेकिन जन्म और मृत्यु के मध्य यात्रा कितनी सार्थक रही यह महत्वपूर्ण है। स्वर्गीय कैलाश नारायण सारंग जी ने भी जीवन में सेवा कार्यों को अपनाया। हमारी भारतीय संस्कृति में सेवा का विशेष महत्व है और यह सनातन संस्कृति की पहचान भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कर्मों के आधार पर जीवन बनता है। मध्य प्रदेश सरकार ने सतपुड़ा अंचल के राजा भभूत सिंह के सम्मान में पचमढ़ी में कैबिनेट की बैठक का आयोजन किया है। राजा भभूत सिंह ने संघर्ष करते हुए जनजातीय समाज को संगठित किया और कुशल नेतृत्व देकर बाहरी ताकतों के विरुद्ध निरंतर लड़ाई लड़ी।

## पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बाबूलाल गौर की जयंती पर कार्यक्रम

**भोपाल।** बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल में सोमवार को मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बाबूलाल गौर की जयंती पर पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, घुमंतु एवं अर्ध्द घुमंतु कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने स्व. बाबूलाल गौर की प्रतिमा पर श्रध्दा सुमन अर्पित किए। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि आज का दिन राजनीति के क्षेत्र में सादगी और शुचिता के प्रतीक विनम्र, सहज और सरल व्यक्तित्व के धनी, आदर्श के केन्द्र बाबूजी पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री बाबूलाल गौर के आदर्शों पर चलने का संकल्प का दिन है। मैं उनकी ऐसी बेटी हूँ, जिसका मार्गदर्शन उन्होनें पल-पल पर किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार ने किया। प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने बताया कि महाविद्यालय में श्री बाबूलाल गौर शोध समन्वय प्रकोष्ठ संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से राजनीति एवं समाज विज्ञान के विद्यार्थी श्री गौर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर पीएच.डी. कर सकते हैं। इस अवसर पर गोविन्दपुरा क्षेत्र के विभिन्न पार्षदगण, वरिष्ठ समाजसेवी, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों ने बाबूजी की प्रतिमा पर श्रध्दा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर नोबल मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल एवं कार्डियक सेंटर भोपाल तथा श्री साँई वेलनेस फिट जोन भोपाल द्वारा लगाये गये शिविर में कई लोगो ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण भी कराया। आज ही वरिष्ठ समाजसेवी श्री पच्छ खामरा जी को जनभागीदारी समिति का सदस्य मनोनीत किया गया।

## दादाजी धाम मंदिर में गायत्री जन्मोत्सव एवं गंगा दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा




**भोपाल।** दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड पटेल नगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिन गुरुवार को गायत्री माता जी का जन्मोत्सव एवं गंगा दशहरा पर्व पर प्रातः 10 बजे से गायत्री मां की पूजन, मां गंगा की पूजन के बाद में गायत्री यज्ञ किया जाएगा। आरती के पश्चात भजन कीर्तन किए जाएंगे इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। सोमवार को दादाजी धाम मंदिर में महिलाओं भक्तों द्वारा भजन कीर्तन किए गए।

## बीएचईएल यूनियन ने ज्ञापन सौंपा



**भोपाल।** बीएचईएल भोपाल कि प्रतिनिधि यूनियन ऐबू संबद्ध निफ्टू का एक प्रतिनिधिमंडल बीएचईएल भोपाल के मानव संसाधन प्रमुख संतोष कुमार गुप्ता एवं अपर महाप्रबंधक (एचआर/आईआर) आरिफ सिद्दीकी से मिला एवं ज्ञापन सौपा जिसमें कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से रखा यूनियन के कार्यवाहक अध्यक्ष आशीष सोनी ने बताया कि हमारे द्वारा प्रबंधन के सामने अतिज्वलंत मुद्दों को रखा है जिसका निराकरण होना अत्यंत आवश्यक है इन मुद्दों में मुख्य रूप से कारपोरेट प्रबंधन द्वारा वर्तमान में बीएचईएल प्रबंधन द्वारा सेवारत कर्मचारी के पत्नी और बच्चों को प्रबंधन आश्रित मानकर कर्मचारी के समान चिकित्सा सुविधा प्रदान करता है जबकि कर्मचारी के माता पिता जो उन पर पूर्ण आश्रित होते है और उम्र के इस पड़ाव में उन्हे ही ज्यादा चिकित्सा सुविधा की आवश्यकता होती है बीएचईएल प्रबंधन द्वारा आश्रितों में भेदभाव कर माता पिता को जनरल वार्ड का एंटाइटलमेंट दिया जाता है जो की सरासर गलत है।ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लॉइज यूनियन प्रबंधन से मांग करती है कि शीघ्र इसमे सुधार कर सभी आश्रितों को कर्मचारी के समान सुविधा प्रदान की जाए। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लॉइज यूनियन संबद्ध निफ्टू की ओर से कार्यवाहक अध्यक्ष आशीष सोनी,कोषाध्यक्ष विशाल वाणी ,संगठन सचिव राजमल बैरागी,कार्यालय मंत्री योगेश देवस्कर एवं चिकित्सा सलाहकार समिति के सदस्य रमेश कुराड़िया उपस्थित हुये।

## सरल संयोजन पोर्टल से घर बैठे मिल रहे नवीन बिजली कनेक्शन

भोपाल। अब आपके परिसर में बिजली का नवीन कनेक्शन लेना हुआ और भी आसान और सुविधाजनक। नवीन बिजली कनेक्शन के लिए अब आपको किसी भी कार्यालय जाने और परेशान होने की जरूरत नहीं है। अब आपको नवीन बिजली कनेक्शन के लिए केवल ऑनलाइन माध्यम से एक आवेदन करना है और ऑनलाइन ही जरूरी दस्तावेज अपलोड कर निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते ही तय समय-सीमा में आपको बिजली कंपनी द्वारा कनेक्शन उपलब्ध करा दिया जाएगा। इस प्रक्रिया के माध्यम से घर बैठे ही उपभोक्ताओं को नवीन बिजली कनेक्शन बहुत ही कम समय में उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इस सुविधा से एक ओर जहाँ उपभोक्ताओं को आसानी से बिजली कनेक्शन मिल रहे हैं वहीं दूसरी ओर इस ऑनलाइन प्रक्रिया से उपभोक्ताओं और बिजली कंपनी के समय और संसाधनों की भी बचत हो रही है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि उपभोक्ताओं को नवीन विद्युत कनेक्शन प्रदान किये जाने के लिये कंपनी की अत्यंत पारदर्शी ऑनलाइन प्रक्रिया कंपनी के सरल संयोजन पोर्टल https://saralsanyojan.mpcz.in:}}}}/fetch_samagra_detail पर उपलब्ध है। इसके माध्यम से कंपनी द्वारा नवीन कनेक्शन बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के जारी किये जा रहे हैं। उपभोक्ताओं को नवीन कनेक्शन के लिये मात्र दो दस्तावेज क्रमशः आवेदक का पहचान पत्र एवं परिसर के स्वामित्व या अधिवास संबंधी साक्ष्य ऑनलाइन अपलोड करना आवश्यक होता है।

# रक्षा राज्य मंत्री ने भोपाल में एनसीसी के विशेष संयुक्त राज्य अनुसंधान एवं विकास सम्मेलनक का उद्घाटन किया

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के प्रतिष्ठित संयुक्त राज्य प्रतिनिधि और अतिरिक्त / उप महानिदेशक सम्मेलन का उद्घाटन माननीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र, भोपाल (मप्र) में 3 जून को किया। उनके आगमन पर, माननीय मंत्री जी का स्वागत लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम, डीजीएनसीसी ने किया, जिन्होंने स्वागत भाषण भी दिया।

इस कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री, युवा एवं खेल मंत्री, रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा एनसीसी कार्यलय के मामलों को संभालने वाले राज्य विभागों के प्रतिनिध, सभी राज्यों के एनसीसी प्रमुख और डीजीएनसीसी मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। सम्मेलन का मुख्य एजेंडा एनसीसी में 3 लाख कैडेटों का विस्तार करना था, जिसके लिए कई



राज्यों ने पहले ही अपनी सहमति दे दी है। राज्यों ने इस विस्तार को समर्थन देने के लिए आवश्यक संबंधित प्रशिक्षण अवसंरचना परियोजनाओं की त्वरित मंजूरी और सुविधा का भी आश्वासन दिया। डीजीएनसीसी ने एनसीसी की प्रगति और उपलब्धियों के साथ-साथ भविष्य के विस्तार की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने भविष्य की योजनाओं की रूपरेखा भी बताई, विशेष रूप से कैडेटों की प्रेरणा और प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए सभी राज्यों में अच्छी तरह से सुसज्जित प्रशिक्षण और शिविर अवसंरचना की स्थापना पर जोर दिया। अपने संबोधन में रक्षा राज्य मंत्री ने राष्ट्र निर्माण में एनसीसी की महत्वपूर्ण भूमिका को दोहराया, तथा नेतृत्व कौशल विकसित करते हुए अनुशासित, जिम्मेदार और प्रेरित युवाओं को तैयार करने में इसकी प्रभावशीलता पर ध्यान दिलाया।

विस्तार से एनसीसी प्रशिक्षकों के रूप में भूतपूर्व सैनिको (ईएसएम) के लिए रोजगार के अवसर भी खुलते हैं, जिसकी पहल हो चुकी हैं। माननीय रक्षा राज्य मंत्री ने स्वच्छ भारत अभियान जैसी राष्ट्रीय योजनाओं में एनसीसी की भागीदारी की सराहना की, तथा पारंपरिक प्रशिक्षण के साथ-साथ समाज कल्याण के लिए कोर की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

## व्यापारियों की सुरक्षा की मांग को लेकर सांसद आलोक शर्मा को सौंपा ज्ञापन



**भोपाल।** शहर में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं और व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर अब व्यापारी वर्ग मुखर हो गया है। हाल ही में अठवानी परिवार के दो सदस्यों पर हुए जानलेवा हमलों के विरोध में घोड़ा निकास मोबाइल एसोसिएशन ने आज सांसद आलोक शर्मा को ज्ञापन सौंपा और समयबद्ध व निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। 22 मार्च को हनुमानगंज थाना क्षेत्र में मनीष अठवानी पर धारदार हथियार से हमला कर लूट का प्रयास किया गया, जबकि 31 मई को शाहजहांबाद थाना क्षेत्र में राजेश अठवानी पर हमला कर नकदी लूट ली गई और उनके सिर में 9 टांके आए। चौंकाने वाली बात यह है कि दोनों हमलों में पीड़ित एक ही परिवार से हैं, जिससे सुनियोजित आपराधिक साज़िश की आशंका गहराती है। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद सांसद आलोक शर्मा ने भरोसा दिलाया कि वे स्वयं व्यापारियों के साथ भोपाल पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर मामले की गंभीरता बताएंगे और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने हेतु हर संभव प्रयास करेंगे।ज्ञापन सौंपते समय एसोसिएशन अध्यक्ष देव तिवारी, गुरुनानक टेकरी मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा, व्यापारी सदस्य सोनू खटवानी, प्रकाश अठवानी सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण मौजूद रहे।

## स्वस्थ यकृत मिशन के तहत नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज स्क्रीनिंग प्रारंभ



**भोपाल।** नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज की स्क्रीनिंग के लिए चलाये जा रहे स्वस्थ लीवर मिशन के पहले दिन 2191 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। कार्यक्रम में 30 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों की स्क्रीनिंग जा रही है। स्क्रीनिंग में ऊंचाई, वजन, कमर के माप की गणना की जा रही है। फैटी लीवर के संभावित संदिग्ध श्रेणी के मरीजों की जानकारी संधारित की जा रही है। इन लोगों में चिकित्सकीय सलाह पर अन्य जांचों के माध्यम से फैटी लीवर होने की संभावनाओं का पता लगाया जाएगा। ये अभियान लीवर संबंधी बीमारियों की जागरुकता, प्रारंभिक पहचान, उपचार और रोकथाम के लिए चलाया जा रहा है। मिशन के तहत प्रारम्भिक स्क्रीनिंग में मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा बीएमआई , सीबैक स्कोर एवं कमर का माप लिया जा रहा है। बीएमआई 23 से अधिक होने, महिलाओं में कमर का माप 80 सेमी और पुरुषों में 90 सेमी से अधिक होने पर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं नजदीकी स्वास्थ्य संस्थाओं में जांच के लिए रेफरल किया जा रहा है। अभियान के पहले दिन 1978 व्यक्तियों की बी एम आई स्क्रीनिंग में 565 का बीएमआई अधिक पाया गया। 867 पुरुषों की स्क्रीनिंग में 211 और 1324 महिलाओं में से 407 की कमर का माप निर्धारित मापदंडों से अधिक मिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज एक प्रमुख जन स्वास्थ्य समस्या बनकर उभर रही है जो कि मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं मेटाबॉलिक सिंड्रोम जैसे बीमारियों से संबंधित है। समय पर पहचान कर प्रबंधन और जोखिम कारकों को कम किया जा सकता है।

# मंत्रालय की गपशप : मुख्यमंत्री का बढ़ता कद

**विक्रम सेन**



यह बात मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के राजनीतिक विरोधियों को शायद अच्छी न लगे, लेकिन है 100 प्रतिशत सही है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का कद दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। प्रधानमंत्री के भोपाल में आयोजित 'महिला शक्ति सम्मेलन' में उपस्थित जनता को देखकर नरेंद्र मोदी गदगद नजर आए। पूरे कार्यक्रम में नरेंद्र मोदी ने उत्साह से भाग लिया। यह इस बात को दर्शाता है कि मोदी न सिर्फ मुख्यमंत्री मोहन यादव से खुश हैं, वरन उन्हें आगे भी बढ़ा रहे हैं। माना जा सकता है कि राजनीतिक और प्रशासनिक दृष्टि से मुख्यमंत्री की लाइन बड़ी करके नरेंद्र मोदी यहां से गए।

**क्यों रुकी IAS अधिकारियों की तबादला सूची:** रविवार देर रात को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारियों की एक बड़ी तबादला सूची लगभग तैयार थी और जारी भी होने वाली थी। लेकिन उसे अचानक रोक दिया गया। पता चला है कि जिन कलेक्टरों की अदला-बदली हो रही थी, उनमें से कुछ ऐसे कलेक्टर शामिल थे जिनमें कुछ मंत्रियों का इंटरेस्ट था। वे चाहते थे कि 10 जून के बाद ही तबादला हो, ताकि स्थानीय स्तर पर अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादलों के संबंध में जो चर्चाएं कलेक्टर से हो चुकी है उसे मूर्त रूप दिया जा सके।



नए कलेक्टर के आने से फिर से नए सिरे से विचार करना पड़ता और सारे सेटिंग्स नए सिरे से करना पड़ते। इसलिए कुछ मंत्रियों ने मुख्यमंत्री को फोन कर तबादला सूची को रोकने का आग्रह किया और यह भी कहा कि 10 जून के बाद यह सूची जारी की जाए। मुख्यमंत्री ने तत्काल तो सूची रोक दी, लेकिन अब यह देखना दिलचस्प होगा कि यह सूची 10 जून के बाद जारी होती है या पहले!

### इंदौर मेट्रो के लोकार्पण से 'ताई' गायब!

इंदौर शहर की बहुत बड़ी उपलब्धि इंदौर मेट्रो के लोकार्पण समारोह में इंदौर की आठ बार की सांसद रही पूर्व लोकसभा अध्यक्ष का नहीं दिखना पूरे समय चर्चा का विषय रहा। यह विषय बाद में भी राजनीतिक दृष्टिकोण से चर्चा में रहा और लोग अलग-अलग तरह से कयास लगाते रहे। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा रही कि भाजपा की वरिष्ठ नेता सुमित्रा महाजन को इस महत्वपूर्ण आयोजन में बुलाया ही नहीं गया या बुलाने के बाद भी वे नहीं आई? अब इसका जवाब तो सुमित्रा महाजन या मेट्रो के आयोजक ही दे सकते हैं?

### तीन आईएएस अधिकारियों को लोकायुक्त से समन

मप्र लोकायुक्त ने समन जारी कर प्रदेश के तीन आईएएस अधिकारी को आगामी 4 जुलाई को तलब किया है। समन में कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि तय तारीख पर अफसर नहीं आए तो फिर वारंट भी जारी किया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक मामला टीकमगढ़ जिले की खरगापुर तहसील का हैं, जहां की 60 एकड़ सरकारी जमीन को तत्कालीन एसडीएम विजय कुमार सेन के नाम से एक आदेश कूटरचित (फर्जी) रूप से जारी हुआ था, जिसे तत्कालीन पटवारी ने अमल में लाकर सभी 27 लोगों के नाम जमीन दर्ज कर दी। यही नहीं, संबंधित तहसीलदार ने इनका नामांतरण कर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया। इस प्रकरण में सरकार को अपना पक्ष रखने लोकायुक्त ने कलेक्टर निवाड़ी, कमिश्नर सागर व प्रमुख सचिव राजस्व को बीते करीब एक साल में चार बार तलब किया।

### प्रदेश कांग्रेस में कुछ बीजेपी के इनफॉर्मर

भोपाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा 'स्लीपर सेल को आईडेंटिफाई करने का एक मौका होगा। क्योंकि, मप्र कांग्रेस में कुछ स्लीपर सेल हैं जो कांग्रेस में रहकर बीजेपी को इनफार्मेशन दे रहे हैं और कांग्रेस का ही नुकसान कर रहे हैं, अब यह सब उजागर होंगे और यह होना भी जरूरी है। 3 जून को राहुल गांधी भोपाल आ रहे हैं और इससे पहले यह बयान काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा हैं। गुजरात में राहुल गांधी ने भी कांग्रेसी स्लीपर सेल की बात कही थी। जबकि, अब राहुल गांधी संगठन का खुद फीडबैक लेंगे और इसी फीडबैक के आधार पर बहुत बड़े परिवर्तन होंगे। इसलिए राहुल गांधी भोपाल में बड़ी बैठक करने जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस जमीनी स्तर पर मजबूती से काम कर रही है, जिसमें अब संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है, ऐसे में कांग्रेस में स्लीपर सेल वाला यह बयान मंत्रालय में भी गपशप का वायरस बना हुआ है।

संपादकीय

# सेना के अधिकारियों के बयान पर विचार होगा

दुनिया भर में दिनोंदिन सामरिक चुनौतियां बढ़ रही हैं। हथियारों को अधिक मारक, कारगर और रणनीतिक रूप से सक्षम बनाने की होड़ तेज हो रही है। इसलिए हथियारों का बाजार लगातार विस्तृत हो रहा है। बहुत सारे देश प्रतिरक्षा व्यय में बढ़ोतरी करते देखे जाते हैं। अब आमने-सामने के युद्ध का दौर लगभग समाप्त हो गया है। हवाई और लक्षित हमले से दुश्मन को पराजित करने की कोशिश की जाती है। फिर, अब कोई भी युद्ध केवल दो देशों का मामला नहीं रह गया है। इसमें बहुध्रुवीय रणनीति अपनाई जाने लगी है। ऐसे में भारत युद्ध की स्थितियों से निपट पाने में कितना सक्षम है, इसका आकलन स्वाभाविक है। पिछले दिनों पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर लक्षित हमले किए, तो उसके नतीजों को केवल दुश्मन देश के मुकाबले अपने शौर्य प्रदर्शन तक सीमित करके नहीं देखा जा रहा। उसमें देश की सेना ने अपनी तैयारियों, कमियों और तकनीकी क्षमता का भी आकलन करना शुरू कर दिया है। इस संदर्भ में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने कहा कि युद्ध का मैदान अब कृत्रिम मेधा, मशीन लर्निंग, एलएलएम और क्वांटम तकनीक से संचालित हो रहा है। हमें अपनी नीति, संगठनात्मक संस्कृति और मानव संसाधन को नए सांचे में ढालना होगा। हालांकि पिछले नौ-दस वर्षों में भारत ने अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को अत्याधुनिक बनाने पर विशेष ध्यान दिया है। वायुसेना को अत्याधुनिक बमवर्षक विमानों, उन्नत संचार प्रणाली युक्त, ध्वनि से कई गुना तेज गति की मिसाइलों आदि से सुसज्जित किया गया है। रक्षा अनुसंधान पर विशेष बल दिया गया है। स्वदेशी तकनीक से विश्वस्तरीय बमवर्षक विमान और पनडुब्बियां तैयार की जा रही हैं। इसके बावजूद भारतीय सेना दुनिया के अत्याधुनिक हथियारों के सामने खुद को पूरी तरह सक्षम नहीं महसूस कर पाती। कुछ दिनों पहले वायुसेना प्रमुख ने कहा था कि सेना से संबंधित परियोजनाएं समय पर पूरा नहीं हो पाती हैं। हालांकि सरकार का दावा है कि भारत जल्दी ही दुनिया के प्रमुख आयुध सामग्री आपूर्तिकर्ता देशों की कतार में शामिल होगा। अब बहुत सारे उपकरण और साजो-सामान स्वदेशी तकनीक से देश के भीतर ही तैयार कर लिए जाते हैं। हथियार के मामले में दूसरे देशों पर निर्भरता लगातार कम हो रही है। मगर, जब वायुसेना प्रमुख और रक्षा अध्यक्ष संगठनात्मक ढांचे और रक्षा उपकरणों के मामले में बदलाव की बात कर रहे हैं, तो निस्संदेह इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। भारत बेशक कभी युद्ध के पक्ष में नहीं रहता, हमेशा शांति और सौहार्द की नीति का हिमायती रहा है, मगर पाकिस्तान और चीन की तरफ से उसे लगातार जिस तरह की चुनौतियां मिलती रहती हैं।

मध्य प्रदेश का कांग्रेस संगठन तुलनात्मक रूप से बहुत मजबूत हुआ करता था . उत्तर भारत में जब कांग्रेस कमजोर हो रही थी . यूपी से कांग्रेस समाप्त हो रही थी तब मध्य प्रदेश ने कांग्रेस को मजबूती दी थी . एक दौर था जब यह कल्पना नहीं की जा सकती थी कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस के अलावा कोई दूसरा दल पांच साल तक सरकार चला सकता है .यह तिलस्म टूटा और अब तो ऐसा माहौल बन गया है कि शायद मध्य प्रदेश की कांग्रेस भी उत्तर प्रदेश की तर्ज पर आगे बढ़ रही है . प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पद संभालने के बाद कहा था कि नए निर्माण के लिए पहले भूमि को समतल करना जरूरी है . उनका भी इशारा पार्टी में बदलाव के लिए पुराने लोगों को हटाने से था . अब तो नए अध्यक्ष को काफी लंबा समय हो गया है . कांग्रेस आलाकमान की नजर में भले ही मध्य प्रदेश के संगठन में सुधार आया हो लेकिन जमीन में तो इसका प्रभाव दिखाई नहीं पड़ता . इसके बदले पार्टी के भीतर वहीं गुटबंदी, वही खेमेबाजी चारों तरफ मुंह बाये खड़ी है .

# वफादार वर्सेस गद्दार, मतलब राजनीति बीमार

**सरयूसुत मिश्रा**

राहुल गांधी पूरे दस के साल बाद प्रदेश कांग्रेस कार्यालय आ रहे हैं. कांग्रेस में जोश है. पीसीसी अपने राष्ट्रीय नायक के स्वागत को तैयार हैं. राहुल गांधी के सामने सबको अपनी वफादारी साबित करना है. साबित करने से वफादारी नहीं होती. वफादारी खून में होती है.. !!

राहुल गांधी जब गुजरात गए थे तब उन्होंने कांग्रेस के भीतर गद्दारों की बात की थी. बीजेपी से मिले कांग्रेस के नेताओं ने पार्टी से बाहर करने की बात की थी. अब जब वह मध्य प्रदेश आ रहे हैं तो राहुल गांधी के मनोनीत मध्य प्रदेश के संगठन और विधायक दल के नेताओं ने पहले ही गद्दारों को पहचान कर बाहर करने की बात शुरू कर दी है.

राहुल गांधी संगठन सृजन कार्यक्रम में आ रहे हैं. किसी भी सृजन के पहले धूल, मिट्टी साफ करना पड़ता है. खरपतवार हटाना पड़ता है. गद्दार शायद ऐसी ही खरपतवार हैं, जब वह हटेंगे तभी तो नया सृजन होगा.

राहुल गांधी संगठन को मजबूत और नया रूप देने के लिए नेक नियति से काम करते दिखाई पड़ते हैं. गद्दारी कभी कार्यकर्ता नहीं करता. इसकी शुरुआत तो बड़े और स्थापित नेताओं से ही होती है. पार्टी से ज्यादा जब पैसे से प्यार होता है, तभी गद्दार बनते हैं. कांग्रेस मध्य प्रदेश में पंद्रह महीने का कार्यकाल छोड़ दिया जाए तो दो दशकों से सत्ता में नहीं है.

कांग्रेस नेताओं के ठाठ-बाट और लाइफस्टाइल में कमी होने के बदले उल्टा इजाफा ही हुआ है. राहुल गांधी को क्या यह नहीं पता होगा कि, पंद्रह महीने में कितने ऐसे उनके नेता हैं, जो पहली बार मंत्री बने थे और जिन्होंने राजधानी भोपाल में करोड़ों के फार्म हाउस और मकान बना लिए हैं.

कांग्रेस के जो नेता लाखों की कमाई की क्षमता नहीं रखते वह करोड़ों की गाड़ियों में चलते हैं, तो यह समझने में किसी को मुश्किल नहीं होनी चाहिए कि, इन नेताओं को पार्टी से ज्यादा पैसे से कितना प्यार है. जैसे ही कोई नेता पैसे में फंसता है, वैसे ही वह पार्टी से गद्दारी करने लगता है. भले हैं यह साबित हो या छिपा रहे.




पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने विधानसभा में एक बार कहा था कि, करप्शन फाइलों में ढूंढने से कोई लाभ नहीं होगा. करप्शन तो लोगों के चेहरे और लाइफस्टाइल में तलाशना होगा. राहुल गांधी को पार्टी में गद्दार तलाशने और उन्हें पार्टी से बाहर करने के लिए इसी फार्मूले पर आगे बढ़ना होगा. इसमें अपने करीबी और दूरी को नजरअंदाज करना होगा.

राहुल गांधी ने अब तक पार्टी में जिससे भी धोखा खाया है, वह उनके सबसे करीबी होते हैं. किसी का नाम लेने की आवश्यकता नहीं है. सबको पता है कि राहुल गांधी के करीब कौन थे और कैसे उन्होंने गांधी परिवार और पार्टी को धोखा दिया. इसका मतलब है कि,गांधी परिवार भरोसा ठोक बजाकर नहीं करता. पहले के धोखे अपनी जगह हैं लेकिन वर्तमान में भी हालात वैसे ही दिखाई पड़ते हैं.

राष्ट्रपति के चुनाव में दो दर्जन विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की. पार्टी चुपचाप इस धोखे को सहन कर लेती है. राज्य में नया नेतृत्व सौंपते समय वरिष्ठ नेताओं को भरोसे में नहीं लिया जाता. जो लोग स्थापित नेताओं के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी करते हैं, उन्हें ही राहुल गांधी नेतृत्व सौंप देते हैं. ऐसे कृत्यों से वफादार नहीं बन सकते. इससे तो पैसे से प्यार वाले गद्दार ही खड़े होंगे.

मध्य प्रदेश का कांग्रेस संगठन तुलनात्मक रूप से बहुत मजबूत हुआ करता था. उत्तर भारत में जब कांग्रेस कमजोर हो रही थी. यूपी से कांग्रेस समाप्त हो रही थी तब मध्य प्रदेश ने कांग्रेस को मजबूती दी थी. एक दौर था जब यह कल्पना नहीं की जा सकती थी कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस के अलावा कोई दूसरा दल पांच साल तक सरकार चला सकता है.यह तिलस्म टूटा और अब तो ऐसा माहौल बन गया है कि शायद मध्य प्रदेश की कांग्रेस भी उत्तर प्रदेश की तर्ज पर आगे बढ़ रही है. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पद संभालने के बाद कहा था कि नए निर्माण के लिए पहले भूमि को समतल करना जरूरी है. उनका भी इशारा पार्टी में बदलाव के लिए पुराने लोगों को हटाने से था. अब तो नए अध्यक्ष को काफी लंबा समय हो गया है. कांग्रेस आलाकमान की नजर में भले ही मध्य प्रदेश के संगठन में सुधार आया हो लेकिन जमीन में तो इसका प्रभाव दिखाई नहीं पड़ता. इसके बदले पार्टी के भीतर वहीं गुटबंदी, वही खेमेबाजी चारों तरफ मुंह बाये खड़ी है.

कमलनाथ अलग-थलग खड़े हैं. दिग्विजय सिंह भी अपनी संगठन क्षमता के आधार पर अपना महत्व बनाए हुए हैं. पीसीसी प्रेसिडेंट और नेता प्रतिपक्ष दोनों युवा नेता हैं. पार्टी को खड़े करने और जीत के लायक बनाने में सामूहिक प्रयासों से ज्यादा इस बात के प्रयास होते हैं कि, अगर मौका आता है तो सामने कोई प्रतिद्वंदी बचना नहीं चाहिए. इसलिए उसे पहले ही निपटा दिया जाए. निपटने निपटाने के इसी खेल में पार्टी अब तक निपटती रही है.

मध्य प्रदेश में कांग्रेस ऐसी जगह खड़ी है, जहां जीत की संभावना पर ही मुख्यमंत्री की रेस शुरू हो जाती है. पिछले चुनाव में ही कमलनाथ तो भावी मुख्यमंत्री के रूप में पोस्टरों पर छाए हुए थे. यही प्रवृत्ति अभी भी चल रही है. सोशल मीडिया की दौड़ में हर पद पर बैठा नेता अपने को श्रेष्ठ प्रोजेक्ट करने में कोई कमी नहीं छोड़ता. कार्यकर्ता को तो कोई पूछता ही नहीं है. अब तो कांग्रेस नेताओं की पार्टी हो गई है. कार्यकर्ता तो हमेशा से महत्व पाने के लिए संघर्ष करते पाए जाते हैं.

अब कांग्रेस में कार्यकर्ता नहीं है बल्कि हर नेता का एक सोशल मीडिया गिरोह है, जो उस नेता को महान बनाने के लिए इसका भरपूर उपयोग करता है और इसी को आलाकमान के सामने अपनी सक्रियता के रूप में प्रस्तुत करता है. वैसे भी कांग्रेस सोशल मीडिया पर सक्रिय नेताओं को ही पद और चुनाव में टिकट देने की रणनीति पर काम कर रही है.

मध्य प्रदेश में संगठन सृजन कार्यक्रम की बहुत जरूरत है. राहुल गांधी की कोशिशें रंग लाएगी तो मध्य प्रदेश को खुशी होगी. लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष की भूमिका है. मध्य प्रदेश में संभलने के लिए कांग्रेस के पास अगला विधानसभा चुनाव ही है. अगर इस चुनाव में भी कांग्रेस हारती है तो फिर मध्य प्रदेश भी उत्तर प्रदेश और गुजरात के तर्ज पर कांग्रेस का तीसरा राज्य बन जाएगा.

वफादार और गद्दार से ज्यादा पद पर बैठे लोगों की नियत और बढ़ती संपदा की खोज अगर राहुल गांधी करेंगे तो गद्दार अपने आप उभर कर आएंगे. राहुल गाँधी के इस दौरे से कांग्रेसजनों को काफी उम्मीद है. राहुल को इतना पता ही होगा कि, कस्तूरी पास होने के बाद भी मृग उसे बाहर तलाशता है.

# माता-पिता और संतान के संबंधों की संस्कृति को जीवंतता दें

**ललित गर्ग**

विश्व के अधिकतर देशों की संस्कृति में माता-पिता का रिश्ता सबसे बड़ा एवं प्रगाढ़ माना गया है। भारत में तो इन्हें ईश्वर का रूप माना गया है। माता-पिता को उनके बच्चों के लिए किए गए उनके काम, बच्चों के प्रति उनकी निस्वार्थ प्रतिबद्धता और इस रिश्ते को पोषित करने के लिए उनके आजीवन त्याग के लिए सम्मान और सराहना देने के लिए प्रतिवर्ष विश्व माता-पिता (अभिभावक) दिवस 1 जून को मनाया जाता है। यह संयुक्त राष्ट्र (यूएन) का पालन दिवस है। यह दिन हमें परिवारों के विकास में माता-पिता और उनके जैसे लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करने का अवसर प्रदान करता है। 2025 के लिए थीम है 'माता-पिता का पालन-पोषण'। यह थीम माता-पिता के रूप में पालन-पोषण को एक महत्वपूर्ण कौशल के रूप में मान्यता देती है और हमें माता-पिता के रूप में बच्चों के विकास और कल्याण के लिए उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित करती है। अधिकांश देशों में सदियों से माता-पिता का सम्मान करने की परंपरा रही है। माता-पिता ईश्वर का सबसे अच्छा उपहार हैं। जीवन में कोई भी माता-पिता की जगह नहीं ले सकता। वे सच्चे शुभचिंतक हैं।

माता-पिता ही बच्चों की सुरक्षा, विकास व समृद्धि के बारे में सोचते हैं। बावजूद बच्चों द्वारा माता-पिता की लगातार उपेक्षा, दुर्व्यवहार एवं प्रताड़ना की स्थितियों बढ़ती जा रही है, जिन पर नियंत्रण के लिये यह दिवस मनाया जाता है। भारत में जहां कभी संतानें पिता के चेहरे में भगवान और मां के चरणों में स्वर्ग देखती थीं, आज उसी देश में संतानों के उपेक्षापूर्ण व्यवहार के कारण बड़ी संख्या में बुजुर्ग माता-पिता की स्थिति दयनीय होकर रह गई है। इस दिवस को मनाने की सार्थकता तभी है जब हम केवल भारत में ही नहीं है बल्कि विश्व में अभिभावकों के साथ होने वाले अन्याय, उपेक्षा और दुर्व्यवहार पर लगाम लगाने की भी है। प्रश्न है कि दुनिया में अभिभावक दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों हुई? क्यों अभिभावकों की उपेक्षा एवं प्रताड़ना की स्थितियां बनी हुई है? चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि अभिभावकों की उपेक्षा के इस गलत प्रवाह को कैसे रोके। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल अभिभावकों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। विचारणीय है कि अगर आज हम माता-पिता का अपमान करते हैं, तो कल हमें भी अपमान सहना होगा। समाज का एक सच यह है कि जो आज जवान है उसे कल माता-पिता भी होना होगा और इस सच से कोई नहीं बच सकता। हमें समझना चाहिए कि माता-पिता परिवार एवं समाज की अमूल्य विरासत होते हैं। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए 2007 में माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण विधेयक



संसद में पारित किया गया है। इसमें माता-पिता के भरण-पोषण, वृद्धाश्रमों की स्थापना, चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा का प्रावधान किया गया है। लेकिन इन सब के बावजूद हमें अखबारों और समाचारों की सुर्खियों में माता-पिता की हत्या, लूटमार, उत्पीड़न एवं उपेक्षा की घटनाएं देखने को मिल ही जाती है।

विश्व में इस दिवस को मनाने के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं, परन्तु सभी का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि वे अपने माता-पिता के योगदान को न भूलें और उनको अकेलेपन की कमी को महसूस न होने दें। हमारा भारत तो माता-पिता को भगवान के रूप में मानता है। इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण है कि माता-पिता की आज्ञा से भगवान श्रीराम जैसे अवतारी पुरुषों ने राजपाट त्याग कर वनों में विचरण किया, मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार ने अपने अन्धे माता-पिता को काँवड़ में बैठाकर चारधाम की यात्रा कराई। फिर क्यों आधुनिक समाज में माता-पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है। आज के माता-पिता समाज-परिवार से कटे रहते हैं और सामान्यतः इस बात से सर्वाधिक दुःखी है कि जीवन का विशद अनुभव होने के बावजूद कोई उनकी राय न तो लेना चाहता है और न ही उनकी राय को महत्व देता है।

बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार किस सीमा तक, कितना, किस रूप में और कितनी बार होता है तथा इसके पीछे कारण क्या हैं, इस पर हुए शोध में पता चला कि 82 प्रतिशत पीड़ित बुजुर्ग अपने परिवार के सम्मान के चलते इसकी शिकायत नहीं करते। शोध के निष्कर्षों के अनुसार अभिभावकों पर होने वाले अत्याचार एवं दुर्व्यवहार की स्थितियां चिन्तनीय है। जिनमें परिजनों एवं विशेषतः बच्चों के हाथों बुजुर्ग अपमान (56 प्रतिशत), गाली-गलौच (49 प्रतिशत), उपेक्षा (33 प्रतिशत), आर्थिक शोषण (22 प्रतिशत) और शारीरिक उत्पीडऩ का शिकार (12 प्रतिशत) होते हैं और ऐसा करने वालों में बहुओं (34 प्रतिशत) की अपेक्षा बेटों (52 प्रतिशत) की संख्या अधिक है जबकि पिछले सर्वेक्षणों में बहुओं की संख्या अधिक पाई गयी है। प्रौद्योगिकी ने भी बुजुर्गों की उपेक्षा और उनसे दुर्व्यवहार में अपना योगदान दिया है और संतानें अपने माता-पिता की अपेक्षा मोबाइल फोन और कम्प्यूटरों को अधिक तवज्जो देती हैं। इसका बुजुर्गों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

अभिभावकों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। अभिभावकों के लिये भी यह जरूरी है कि वे वार्धक्य को ओढ़े नहीं, बल्कि जीएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नारे ÷सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास'' की गूंज और भावना अभिभावकों के जीवन में उजाला बने, तभी नया भारत निर्मित होगा। मानवीय रिश्तों में दुनिया में माता-पिता और संतान का रिश्ता अनुपम है, संवेदनाभरा है। माता-पिता हर संतान के लिए एक प्रेरणा हैं, एक प्रकाश हैं और संभावनाओं के पुंज हैं। हर माता-पिता अपनी संतान की निषेधात्मक और दुष्प्रवृत्तियों को समाप्त करके नया जीवन प्रदान करते हैं। माता-पिता की प्रेरणाएं संतान को मानसिक प्रसन्नता और परम शांति देती है।

माता पिता ही है जो हमें सच्चे दिल से प्यार करते हैं बाकी इस दुनिया में सब नाते रिश्तेदार झुठे होते हैं। पता नहीं क्यों हमे हमारे पिता इतना प्यार करते हैं, दुनिया के बैंक खाली हो जाते हैं मगर पिता की जेब हमेशा हमारे लिए भरी रहती हैं। पता नहीं जरूरत के समय न होते हुए उनके पास अपने बच्चों के लिये कहां से पैसे आ जाते हैं। भगवान के रूप में माता-पिता हमें एक सौगात हैं जिनकी हमें सेवा करनी चाहिए और कभी उनका दिल नहीं तोडना चाहिए। एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। मां का रिश्ता सबसे गहरा एवं पवित्र माना गया है, लेकिन बच्चे को जब कोई खरोंच लग जाती है तो जितना दर्द एक मां महसूस करती है, वही दर्द एक पिता भी महसूस करते हैं। पिता कठोर इसलिये होते हैं ताकि बेटा उन्हें देख कर जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। माँ ममता का सागर है पर पिता उसका किनारा है। माँ से ही बनता घर है पर पिता घर का सहारा है। माँ से स्वर्ग है माँ से बैकुंठ, माँ से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पिता ही है। आधुनिक समाज में माता-पिता और उनकी संतान के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाने की अपेक्षा है।

# और ये विकास दर ?



**राकेश दुबे**

वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी, अंतिम तिमाही (जनवरी-मार्च) में देश की आर्थिक विकास दर 7.4 प्रतिशत रही। बेशक यह कई अपेक्षाओं और अनुमानों से परे मानी जा सकती है, लेकिन यह अभूतपूर्व नहीं है। कुल वित्त वर्ष की विकास दर 6.5 प्रतिशत रही है, यह पुष्टि भारत सरकार के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने की है।

यदि वस्तुओं, सेवाओं और वेल्यू एडिड के तौर पर लगाए गए करों को हटा लिया जाए, तो चौथी तिमाही की विकास दर 6.8 प्रतिशत रह जाएगी। विकास की गति दूसरी छमाही के दौरान तेजी से बढ़ी, अलबत्ता दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में विकास दर 5.6 प्रतिशत तक लुढ़क गई थी। समग्रता में देखें, तो भारतीय अर्थव्यवस्था की बढ़ोतरी 2024-25 के दौरान धीमी, मंद रही है, लिहाजा चौथी तिमाही के आंकड़ों पर गालबजाई नहीं करनी चाहिए। फिर भी भारतीय रिजर्व बैंक और विश्व की आर्थिक एजेंसियों ने 2024-25 के दौरान हमारी आर्थिक विकास दर 6.2 प्रतिशत से 6.4 प्रतिशत तक ही आंकी थी। यह दर भी विश्व में सबसे तेज अर्थव्यवस्था की ओर संकेत करती है। औद्योगिक उत्पादन के क्षेत्र में, खासकर मैन्यूफैक्चरिंग में, तेजी से गिरावट देखी गई है। 2024-25 के दौरान मार्च तिमाही में इस क्षेत्र में 4.8 प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी दर्ज की गई। पिछली तिमाही में यह वृद्धि 3.6 प्रतिशत थी, जबकि एक साल पहले यह दर 12.3 प्रतिशत थी। यह चिंताजनक फासला माना जा सकता है।

बीते वित्त वर्ष में कृषि क्षेत्र ने नए आयाम स्थापित किए। मौसम माकूल रहा, जलाशयों में पानी भरा रहा, किसानों को उनकी फसलों के दाम अच्छे और ज्यादा मिले, लिहाजा किसानों ने फसलों की ज्यादा बुआई की। बड़े खेतों में फसल लगाई। नतीजा यह रहा कि चौथी तिमाही में कृषि विकास दर 5.4 प्रतिशत रही। पूरे वित्त वर्ष की कृषि विकास दर 4.6 प्रतिशत रही। यह लंबे समय तक की औसतन दर से अधिक है। यह बढ़ते ग्रामीण उपभोग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सुखद व्याख्या करती है, लेकिन भारत के ज्यादातर किसान आज भी गरीब और कर्जदार हैं। प्रधानमंत्री मोदी इस संदर्भ में अपना वायदा अब तो पूरा करें। इस तिमाही में निर्माण क्षेत्र में 10.8 प्रतिशत की दर से विस्तार हुआ, हालांकि एक साल पहले इस क्षेत्र की विकास दर 8.7 प्रतिशत थी। खनन क्षेत्र, सेवा क्षेत्र और सार्वजनिक प्रशासन, रक्षा आदि क्षेत्रों में भी विकास दर्ज किया गया है। दरअसल 2023-24 में जीडीपी 9.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी।

विशेषज्ञों का मानना है कि सामान्य निर्यात में गिरावट और औद्योगिक गतिविधियों में सुस्ती का असर कुल अर्थव्यवस्था पर साफ दिखाई देता है। विशेषज्ञों का यह भी आकलन है कि मार्च तिमाही में अर्थव्यवस्था का मजबूत प्रदर्शन स्पष्ट करता है कि घरेलू मांग, निवेश, बचत आदि में बढ़ोतरी हुई है। अप्रैल, 2025 में 26,632 करोड़ रुपए का निवेश हुआ। यह किसी एक माह में सबसे बड़ा निवेश है। रिजर्व बैंक की ताजा रपट के मुताबिक, 2023-24 में घरेलू नेट वित्तीय बचत 5.1 प्रतिशत पर पहुंच गई थी, जो पिछले साल 4.9 प्रतिशत थी। यह आंकड़ा देश की आर्थिक सेहत के लिए सकारात्मक संकेत है। अब भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन गया है। 2025-26 में भी भारत की आर्थिक विकास दर 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत तक रह सकती है। अर्थात भारत की आर्थिक शक्ति और भी बढ़ेगी और हम अपना लक्ष्य हासिल कर सकेंगे। व्यापार, होटल, परिवहन और संचार के साथ-साथ वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं के क्षेत्र में विकास पहले की अपेक्षा धीमी गति से हुआ है। जीडीपी डाटा स्पष्ट करता है कि पिछले साल निजी खपत 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। हालांकि कुछ कंपनियों की व्याख्या भिन्न है। वे मानती हैं कि मांग में नरमी आई है और मध्य वर्ग सिकुड़ा है। वे निवेश से प्राप्त पूंजी की स्थिरता पर भी सवाल करती आई हैं, जबकि तिमाही का डाटा स्पष्ट करता है कि सकल सावधि पूंजी निर्माण 9.4 फीसदी की दर से बढ़ा है। गौरतलब यह है कि अप्रैल, 2025 में खुदरा महंगाई दर 3.16 प्रतिशत रही। यह बीते कई माह की सबसे कम महंगाई दर है। खाद्य वस्तुओं की महंगाई घटना और निजी खपत बढ़ना भी सकारात्मक संकेत हैं। विश्लेषक यह भी मान रहे हैं कि आने वाली तिमाहियों में यह विकास दर कम भी हो सकती है।

# 'संगठन सृजन अभियान' ही करेगा कांग्रेस का उत्थान



**कौशल किशोर चतुर्वेदी**

उत्थान से पतन और पतन से उत्थान जीवन रूपी चक्र के दो चेहरे हैं। अगर समय बुरा है, तो अच्छा भी आना तय है। पर उसके लिए सकारात्मक प्रयासों की निरंतरता आवश्यक है। और कहा जाए तो सृजन की सोच के बिना सफलता मिल पाना संभव नहीं है। राजनैतिक दलों की बात करें तो कांग्रेस सफलता के लिए लंबे संघर्ष के दौर से गुजर रही है। और राजनैतिक दलों की सफलता का मूल संगठन में समाहित है। जितना मजबूत संगठन होगा, राजनैतिक दल की सफलता की गारंटी भी उतनी ज्यादा होगी। वर्तमान में देश में भाजपा की सफलता का स्रोत उसके कैडर बेस संगठन को ही माना जाता है। और मध्यप्रदेश में पिछले करीब 22 साल से भाजपा राज कर रही है, हालांकि इसमें पंद्रह महीने कांग्रेस की सरकार के रहे हैं। पर इन पंद्रह माह कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री रहे कमलनाथ ने हमेशा ही कहा है कि कांग्रेस को भाजपा की बराबरी करना है तो संगठन को दुरुस्त करना होगा। इसी दिशा में कांग्रेस अब कदम बढ़ा रही है। 3 जून को भोपाल में आयोजित 'कांग्रेस संगठन सृजन अभियान' इसी दिशा में कांग्रेस का बड़ा कदम है। संगठन में सृजन का कांग्रेस का मन उत्थान की नई कहानी बना सकता है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने शायद ठीक ही लिखा है कि संगठन सृजन अभियान से कांग्रेस को नया संबल मिलेगी।



दिनांक 3 जून को भोपाल में आयोजित कांग्रेस संगठन सृजन अभियान का औपचारिक शुभारंभ वास्तव में एक ऐतिहासिक पहल है। बात फिर वही है कि संगठन का सृजन पूर्ण समर्पण का पर्याय बन जाए। यह अभियान मध्यप्रदेश में कांग्रेस को पुनर्गठित करने और जनमानस से गहरे जुड़ाव की दिशा में एक निर्णायक कदम बन जाए। राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी एक बार फिर जनभावनाओं से जुड़े। और जमीनी स्तर पर मजबूत संगठन खड़ा करने की कांग्रेस की प्रतिबद्धता को सफलता मिले। यह अभियान पार्टी कार्यकर्ताओं को दिशा भी दे और आने वाले समय में कांग्रेस को निर्णायक ताक़त बनाने की नींव भी रखे। पर फिर वही बात कि कांग्रेस को इन उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूर्ण बदलाव की प्रक्रिया से गुजरना होगा। अपनी कार्यशैली को बड़ी सर्जरी की प्रक्रिया से गुजरने की जरूरत है। और बेबाक बात की जाए तो यह सब बहुत आसान नहीं है। राहुल गांधी की मंशा पर गुटों में बंटी मध्यप्रदेश कांग्रेस कितना आत्मसात कर पाती है, इस बात पर सृजन का परिणाम निर्भर करता है।

मध्यप्रदेश में कांग्रेस संगठन के गठन की प्रक्रिया चल रही है। जिलों में संगठनात्मक नियुक्ति के लिए एआईसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक, प्रदेश कार्यकारिणी, राजनीतिक मामलों की समिति तथा सभी जिला अध्यक्षों के साथ संवाद कर संगठन की नवीन संरचना पर विचार किया जाएगा। जैसा कि अरुण यादव ने कहा है, ÷यह केवल सांगठनिक चर्चा नहीं, बल्कि कांग्रेस की आत्मा को फिर से जनआंदोलन से जोड़ने का प्रयास है। हम सबकी भागीदारी से यह मिशन सफल होगा और एक सशक्त कांग्रेस के रूप में हमारा भविष्य और अधिक उज्ज्वल बनेगा।÷ पर आत्ममंथन, चिंतन-मनन और इसका सोच में क्रियान्वयन होने तक का सफर बहुत कठिन नहीं, तो बहुत आसान भी नहीं है। राजनैतिक मामलों की समिति की बैठक में प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं द्वारा राज्य की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की जाएगी और आगामी रणनीतियों पर विचार-विमर्श होगा। सांसदों एवं विधायकों के साथ संवाद का सत्र होगा, इसमें सांसदों और विधायकों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं और जनता की अपेक्षाओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों एवं नव सृजित प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त प्रभारियों की बैठक संगठन के पुनर्गठन और प्रभावी नेतृत्व नियुक्ति पर केंद्रित होगी। और इन बैठकों के बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी प्रतिनिधि, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्षों का अधिवेशन होगा।

फिर बात वही कि बैठकों और अधिवेशनों का दौर पहली बार नहीं हो रहा है। ऐसा न हो कि पहले की तरह इस बार भी बैठकों और अधिवेशन का दौर असरहीन रह जाए। मध्यप्रदेश में भाजपा संगठन की बराबरी कर पाना कांग्रेस के लिए बहुत आसान नहीं है। यह बात ध्यान में रखकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को 'संगठन सृजन अभियान' का मान बढ़ाने की गांठ बांधनी होगी, तभी कांग्रेस इतिहास बनाने में समर्थ हो सकेगी। और संगठन सृजन अभियान की सफलता पर ही मध्यप्रदेश में कांग्रेस का उत्थान निर्भर करता हैज।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म. प्र. ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव का शहीदी गुरुपर्व हर्षोल्लास से मनाया गया



**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** वार्ड नंबर 10 अर्जुन नगर के गुरुद्वारा संत संतोखसिंह भजनगढ़ गुरुघर में सुबह 9ः00 बजे से सुखमणि साहब का पाठ माता बहनों ने मिलकर किया एवं प्रसिद्ध कथाकार जगजीत सिंह (जीते भैया) ने गुरु के जीवन पर प्रकाश डाला जिसमे तरन तारन सरोवर तथा नगर की रचना श्री हरमंदिर साहिब एवं संतोष सर करतारपुर साहिब की भी रचना के बारे में बताया गया आपके द्वारा 30 मई 1606 को लाहौर में याशा कानून के तहत जहांगीर बादशाह के हुकुम पर गुरु अर्जुन देव जी को उबलते पानी में इसके बाद गरम तवे पर बिठाया गया एवं गरम रेत भी शरीर पर डाली गई, इस तरह गुरु अर्जुन देव गुरु जी ने शहीदी दीत्ता, पर इस्लाम धर्म नहीं कबूला कथा समाप्ति के पश्चात नगर परिषद कार्यालय के सामने शरबत वितरण भी किया गया इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे,सुरजीत सिंह विल्लै, सुनील सैरिया,रघुवीर सिह मोहन योगी, बबलू भाई, गुरुघर के बजीर भगवान सिंह, लख्की सिंह,हरदीपसिंह सहित माता बहनें एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे

# पुलिस ने किया नकली नोट छापने के बड़े रैकेट का पर्दाफाश लाखों के नोट जब्त, मुख्य आरोपी ने जेल में रची थी साजिश

**देवास।** जिला देवास पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना बैंक नोट प्रेस पुलिस ने नकली नोटों के निर्माण एवं अवैध संचालन में लिप्त अंतरजिला गिरोह का पर्दाफाश करते हुए लगभग 16,00,000/- से अधिक मूल्य के नकली नोट,उन्हें तैयार करने की सामग्री एवं उपकरण जब्त कर 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने आज एक प्रेस वार्ता में बताया कि 1 जून को थाना प्रभारी बैंक नोट प्रेस को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली कि आरोपी सचिन नागर एवं शुभम वर्मा द्वारा नकली नोट लेकर जा रहे है। जिस पर से तत्काल वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया।

पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद ने उक्त सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक (एल-आर) संजय शर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी बैंक नोट प्रेस अमित सोलंकी के नेतृत्व में 02 विशेष टीमों का गठन किया गया। उक्त टीमों ने आरोपी सचिन नागर एवं शुभम वर्मा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ?1,96,200/- के नकली नोट एवं एक काली रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल जब्त की जाकर आरोपियो के विरूद्ध थाना बैंक नोट प्रेस में अपराध क्रमांक 556/2025 धारा 178,179,180, 61(2) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उक्त आरोपियो से पूछताछ में ज्ञात हुआ कि आरोपी राजकुमार मालवीय ग्राम सोनकच्छ, द्वारा अपने निवास पर नकली नोटों का निर्माण किया जा रहा है। तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीमों के द्वारा आरोपी राजकुमार के घर पर दबिश दी गई, जहाँ से आरोपी राजकुमार मालवीय एवं सुनील पाटिल को गिरफ़्तार कर उनके कब्जे से 13 लाख 25 हजार के 500-500 की



नकली नोटों की गड्डियाँ तथा नोट निर्माण में प्रयुक्त उपकरण एवं अन्य सामग्री बरामद की गई। बाद अनुसंधान में आरोपी शक्ति सिंह चावड़ा को भी गिरफ़्तार किया गया।

**जप्तशुदा सामग्री:** 15,41,200 के नकली नोट, लैपटॉप, प्रिंटर, स्केनिंग पेटी,100-200-500 के अर्द्ध छपे प्रिंट पेपर एवं 2 मोटर साइकिल जप्त।

### गिरफ्तार आरोपियों के नाम

1.सुनील पाटिल पिता बाबूराव पाटिल उम्र 38 वर्ष निवासी खकनार जिला बुरहानपुर।

2.राजकुमार मालवीय पिता सिद्धनाथ उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम खेडाखजुरिया सोनकच्छ।

3.सचिन नागर पिता तेज सिंह उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम दुधलाई सोनकच्छ।

4.शुभम वर्मा पिता दिनेश वर्मा उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम आगरोद देवास।

5.शक्ति सिंह चावड़ा पिता दिग्विजय सिंह उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम आगरोद देवास।

उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी बैंक नोट प्रेस अमित सोलंकी,उनि तरूण कुमार बोडके,उनि गौरीशंकर यादव,उनि राहुल परमार,सउनि हितेन्द्र चंद्रवंशी,सउनि मनोज पटेल,सउनि ईश्वरसिंह मंडलोई, सउनि राजेश भारद्वाज पु.अ.कार्यलय, प्रआर रवि पटेल, आर राहुल शर्मा,सैनिक भगवान सिंह तथा सायबर सेल टीम प्रआर शिवप्रताप सिंह सेंगर,सचिन चौहान की भूमिका रही।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिले भर में आयोजि किए जा रहे कृषि शिविर

**शहडोल।** खरीफ फसल के पूर्व किसानों को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत नवीन एवं उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी देने हेतु जिले में 29 मई से 12 जून तक कृषि शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 02 जून 2025 को सोहागपुर जनपद पंचायत में कृषि वैज्ञानिक डॉ. अल्पना शर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम मिठौरी, सिगुडी, तथा अमरहा में गोहपारू जनपद पंचायत में कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीके प्रजापति के मार्गदर्शन में ग्राम उमरिया बारकोड़ा तथा पोंडी में जनपद पंचायत बुढ़ार में कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीके प्रजापति के मार्गदर्शन में मंजीरा, धनौरा तथा जामगांव में में कृषि शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# 2 स्थानों से जब्त की शराब

**शहडोल।** जिले में शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसे लेकर जिले मे अलग अलग स्थानों मे पुलिस ने दबिश देकर अवैध शराब जब्त की है। धनपुरी पुलिस ने सूचना मिलने पर हीरालाल रजक निवासी बरतरा के घर दबिश देकर आरोपी के कब्जे से 6 लीटर हाथ भट्ठी शराब रुपए जब्त किया है। इसी प्रकार बुढ़ार थानान्तर्गत पकरिया सरकारी टोला निवासी महिला के कब्जे से प्लास्टिक के जरीकेन में हाथ भट्ठी से निर्मित 6 लीटर शराब जब्त किया है।

# सोता रहा परिवार, घर में हो गई चोरी

**शहडोल।** जिले मे खैरहा थाना क्षेत्र के हरदी गांव में बीती रात परिवार घर में ताला बंद कर घर के आंगन में सो रहा था,इस दौरान चोर पहुंचे और घर के पीछे के हिस्से में लगे दरवाजे का ताला तोड़कर नकद रुपए लेकर फरार हो गए। लोग जब सुबह उठे तब मामले की जानकारी लगी और पुलिस को खबर दी। पुलिस के अनुसार इदरीश खान के घर में बीती रात चोरी हुई। पीछे दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने पेटी में रखे 14 हजार रुपए लेकर फरार हो गए। घर के अंदर की पेटी बाहर खुली पड़ी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस जांच कर रही है।

# बारिश से पहले सभी नालों का गहरीकरण होगाः राजा तिवारी

## जेडआरयूसीसी सदस्य के साथ रेलवे अधिकारियों का निरीक्षण

**सांध्य प्रकाश, इटारसी।** आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए रेलवे अपने क्षेत्रों से निकलने वाले सभी नालों एवं नालियों का गहरीकरण कराएगी।

इसे लेकर रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के सदस्य राजा तिवारी ने एईएन बरेले एवं एसएसई (वर्क्स) विवेक रामटेके के साथ पानी भराने वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र दीक्षित, भी उनके साथ मौजूद थें। तिवारी ने अधिकारियों को बताया कि इटारसी से न्यूयार्ड मार्ग पर रेस्ट हाउस के पास जो संकरा नाला है, उसके आसपास भारी मात्रा में कचरा एवं मलबा जमा हुआ है, यहां झाड़ियां भी फैल गई हैं, पहाड़ी इलाकों से आने वाला पानी यहां रूकने से सड़क पर जलभराव हो जाता है। वर्षा काल में न्यूयार्ड रेलवे कालोनी, प्राइवेट कालोनी समेत डीजल-विद्युत शेड जाने वाले रेलकर्मियों को काफी परेशानी होती है। अधिकारियों ने कहा कि जल्द ही यहां जेसीबी से मलबा एवं झाड़ियां हटाने का काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को संतोषी माता मंदिर रामनगर क्षेत्र के नाले के गहरीकरण के लिए भी स्थल निरीक्षण कराया, यहां भी रेलवे जेसीबी से नाला गहराई का काम शुरू कराएंगी। तिवारी ने बताया कि नहर के पास जो संकरी पुलिया है, इसके निर्माण एवं चौड़ीकरण का प्रस्ताव भी अधिकारियों को भेजा जाएगा।



उन्होंने रेलवे अधिकारियों ध्यान आकर्षित कराते हुए गरीबी लाइन अंडरब्रिज में होने वाले जलभराव को रोकने के लिए बात की, वर्षा के दौरान यहां अधिक क्षमता का पंप लगाया जाएगा, साथ ही वर्षा काल में आवागमन बाधित न हो, इसके लिए जल निकासी का प्रबंध कराया जाएगा। रेलवे अधिकारियों ने कहा है कि सड़क मार्गो से लगे हुए जितने भी नाले हैं, उनकी वर्षा से पहले साफ सफाई करा दी जाएगी, जिससे आसपास जलभराव के कारण आवागमन बाधित न हो सके। तिवारी ने कहा कि यार्ड क्षेत्र के वांशिदों एवं रेलकर्मियों ने यह समस्या बताई थी, जिसका तत्काल निराकरण कराया जा रहा है।

## जय विजय नाम का 20 लाख का डुप्लीकेट कुसिया जब्त

# गोदाम हुआ सील, तीस हजारी कोर्ट दिल्ली के आदेश पर हुई यह कार्रवाई

**छतरपुर।** नगर छतरपुर में डुप्लीकेट सामान का बेचना कोई बड़ी बात नहीं है, यहां अक्सर नकली माल बेचने वाले पकड़े जाते हैं इसी तारतम्य में आज दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट के आदेश पर आयी वकीलों की 6 सदस्यीय टीम ने कमलेश मशीनरी स्टोर फर्म के महोबा रोड स्थित गोदाम में छापामार कार्रवाई करते हुये जय विजय के नाम के करीब 20 लाख कीमत के डुप्लीकेट कुसिया जब्त करते हुये गोदाम को सील कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार छतरपुर में बाबा बैरिंग के नाम से मशहूर फर्म के संचालक मो.इशहाक के द्वारा जय विजय ब्रांड के रजिस्टर्ड कुसिया बेचे जाते हैं। ऐसे किसानों को ठगने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई हेतु जय विजय फर्म द्वारा दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में मामला दर्ज कराया गया था कोर्ट के आदेश पर सोमवार को छतरपुर आयी वकीलों की 6 सदस्यीय टीम ने कमलेश मशीनरी स्टोर (हड़ा वाले) जटाशंकर होटल के सामने बस स्टैंड छतरपुर के महोबा रोड पर स्थित किराये के गोदाम से लगभग 20 लाख कीमत का जय



विजय ब्रांड का डुप्लीकेट कुसिया जप्त किया है। टीम ने गोदाम को सील कर दिया है। टीम के सदस्यों का कहना था कि अगर भविष्य में छतरपुर नगर सहित तहसीलों अथवा प्रदेश में कहीं भी जय विजय के नाम का डुप्लीकेट कुसिया पाया गया तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

ज्ञात हो कि करीब एक साल पहले भी कमलेश मशीनरी स्टोर के नारायणपुरा रोड स्थित गोदाम से जय विजय ब्रांड के नकली कुसिये जप्त किये गये थे लेकिन वे अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और उन्होंने पुनः नकली कुसिये बेचकर किसानों को ठगने का काम जारी रखा, जिसके विरूद्ध जय विजय फर्म के संचालक द्वारा इनके खिलाफ कार्रवाई करायी जा रही है।

# केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ने मां नर्मदा नदी तट पर पूजा कर मनाया अपना जन्मदिन



**धार।** मोदी सरकार में महिला एवं बाल विकास केंद्रीय राज्यमंत्री एवं धार- महू लोकसभा सांसद श्रीमती सावित्री ठाकुर ने अपना जन्मदिन खलघाटके मां नर्मदा नदी तट पर पूजा एवं आरती कर और घाट पर स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाकर साफ-सफाई में सहभागिता तथा गौशाला में गौ माता पूजा कर कार्यकर्ताओं के बीच मनाया।दोपहर बाद भाजपा जिला कार्यालय धार पहुंचने पर केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर का जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती के नेतृत्व में गर्मजोशी से स्वागत किया गया।इस दौरान श्रीमती सावित्री ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज जन्मदिन पर विशेष रूप से पांच संकल्पों के साथ कार्य करने का प्रयास करूंगी जिसमें प्रमुख रूप से केंद्र में मोदी सरकार और राज्य डॉ यादव सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करना एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता अभियान चलाना महिला सशक्तीकरण के साथ सिकल सेल गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना सामाजिक समरसता कार्यक्रम आयोजित करना, लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता देना।श्रीमती सावित्री ठाकुर ने कहा की भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है यहां परिवार भाव से कार्य करते हैं इस संगठन में छोटे से छोटे कार्यकर्ता भी निर्वाचित और संगठन के बड़े से बड़े पदों पर विराजमान है ऐसे कई उदाहरण है।

# अलीपुर से मुहिम हुई शुरू प्रशासन ने चेतावनी दी खुद हटाएं नहीं तो हटाया जाएगा अमिक्रमण

**आष्टा।** सोमवार से शहर में अतिक्रमण हटाओ मुहिम शुरू की गई है सबसे पहले अलीपुर क्षेत्र से अतिक्रमण शुरू की गई है यहां पर नगर पालिका की टीम पुलिस बल के साथ पहुंची और अतिक्रमणकार्यों को अतिक्रमण हटाने का सख्ती के साथ निर्देश दिया रोड पर सामान रखा था उसका नगर पालिका ने जुर्माना लगाया साथ ही सभी दुकानदारों को कहा है कि दुकानों के सामने रखा सामान, टिनसेट तुरंत हटा ले। बता दे की शहर में चारों तरफ अतिक्रमण हो रहा है इसी को देखते हुए पिछले दिनों प्रशासन ने एक बैठक आयोजित की थी और उसमें निर्देश दिया था कि अतिक्रमण हटाया जाए इसी को लेकर आज से नगर पालिका ने शहर में अतिक्रमण हटाओ मुहिम शुरू की है सबसे पहले मुहिम ने शुरूआत अलीपुर से की है यहां पर इंदौर नाके से लेकर अलीपुर चौराहे तक दुकानदारों को चेतावनी दी अतिक्रमण तुरंत हटा ले उसके बाद टीम पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में पहुंची और यहां पर अतिक्रमण हटाया इस दौरान एसडीएम स्वामी उपाध्याय मिश्रा ने कहा कि आप लोग शासकीय भूमि पर अतिक्रमण ना करें व जो दुकानों के सामने रखा है वह सामान तुरंत हटा ले नाली बिल्कुल क्लियर करें टीनसेट भी हटाए उसके बाद अस्पताल चौराहे पर भी टीम ने कार्रवाई की यहां पर ठेले सहित अन्य



अतिक्रमण हटाए।

नागरिक शैलेश शर्मा, अजय अजय प्रजापति ने बताया कि शहर में अतिक्रमण मुहिम अभी तक तो फिलहाल खानापूर्ति बनकर रह गई है जबकि पूरे शहर में अतिक्रमण हो रहा है सबसे पहले प्रशासन नगर पालिका को शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करना चाहिए क्योंकि इसके कारण ट्रैफिक भी बिगड़ रहा है। नागरिक अखिलेश धनगर, गिरिराज सोनी ने बताया कि प्रशासन हर बार गरीबों के अतिक्रमण तो हटाने आ जाता है लेकिन कन्नौद रोड, बुधवारा सहित अनेक क्षेत्रों में पक्के अतिक्रमण आज तक नहीं हटाए गुमटी,ठेले तो हर बार हटा देते हैं लेकिन उन्हें कहीं विस्थापित भी किया जाए ताकि वहां बेरोजगार ना हो। साथी कहा कि मुहिम निष्पक्ष तरीके से चले हर बार गरीबों के ठेले गुमटियां तो हटा दी जाती है लेकिन कन्नौद मार्ग सहित अन्य क्षेत्रों के पक्के निर्माण अभी तक नहीं तोड़े गए हर बार कन्नौद मार्ग पर मुहिम ठंडी पड़ जाती है।

# सिवनी के उदय परते प्रो कबड्डी टूर्नामेंट में जयपुर पिंक पैंथर्स टीम में पाया स्थान

**सिवनी-** जिले के उदय परते ने कबड्डी के क्षेत्र में बड़ी और प्रेरणादायक उपलब्धि हासिल की है। जिले के कबड्डी खिलाड़ी उदय परते ने प्रो कबड्डी टूर्नामेंट में जयपुर पिंक पैंथर्स टीम में अपनी जगह बनाई है। उदय को जयपुर पिंक पैंथर्स टीम ने 50 लाख दस हजार रुपये में अपनी टीम में शामिल किया है।

उदय की इस उपलब्धि से जिले के खेल जगत में खुशी की लहर है। उदय ने स्कूल गेम और अनेक ओपन टूर्नामेंट में सहभागिता की है और तेलंगाना में आयोजित 2021 में 47वीं जूनियर नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व किया था। सिवनी कबड्डी अकादमी के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने उदय को बधाई दी है। अकादमी के संरक्षक संतोष अग्रवाल (होटल बाहुबलि), सचिव अब्दुल अहद खान और अध्यक्ष अनिल कनोजिया ने उदय की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है।जिले के यशस्वी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने भी उदय को शुभकामनाएं दी हैं और आशीर्वाद प्रदान किया है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे और खेल विभाग परिवार ने भी उदय को शुभकामनाएं दी हैं।

उदय की इस उपलब्धि पर अकादमी के संरक्षक संतोष अग्रवाल ने कहा है कि उदय की इस उपलब्धि युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और कबड्डी खेल में नए अवसरों की तलाश करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। श्री अग्रवाल ने कहा कि कबड्डी शारीरिक सौष्ठव एवं पारंपरिक भारतीय खेल है जो शारीरिक और मानसिक रूप से दोनों प्रकार से फायदेमंद होने के साथ यह खेल टीम भावना को बढ़ावा देता है, निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाता है और खेल भावना को विकसित करने वाला महत्वपूर्ण खेल है। सिवनी कबड्डी अकादमी की एनआईऐस कोच संगीता सिंह(प्रथम विश्व कबड्डी कप,भारतीय महिला टीम कोच), अकादमी के उपाध्यक्ष अंकित ठाकुर, अकादमी के कोषाध्यक्ष दीपचंद कटारे(बादल), बाराती लाल उईके, सलीम मासब, अब्दुल हक खान, हेमंत विश्वकर्मा पीटीआई, देवेंद्र ठाकुर पीटीआई, एड.अनिल बघेल,राजेश सल्लाम, श्रवण भलावी, बाल मुनि, योगेन्द्र(पिंटू), अभिषेक, अंकुल कुंजाम अजय (मोनू), यशवंत,देवेंद्र पटले,गोलू भालेकर,महेंद्र उईके (जनपद सदस्य), काशीराम बघेल(जनपद सदस्य एवं अध्यक्ष बागरी समाज), श्रीकांत बघेल (मंडल अध्यक्ष मुंगवानी), लोकेंद्र चौहानिया, प्रकाश इडपाचे, शुभम भलावी, लखन(काशी), बिलाल खान, प्रतीक तेकाम, नीलेश, राजकुमार, मुकेश सल्लाम रौनक श्रीवास्तव, आयुष ठाकुर, साजिद खान, भावना गायकवाड पीटीआई, प्रशांत परते, उदित परते राकेश भलावी, दुर्गा प्रसाद बरकड़े, अभिषेक बघेल, दीपेश उईके, बन्देवरीअमन राजपूत, तिलेश्वर (देवा), अमोल चंद्रा, अनुपम चौहान, रोशनी यादव, स्वाति,दीपिका, नेहा कश्यप, मयूरी, खुशी, प्रियंका काकोडिया, मानसी, रिया पटले, एवं समस्त कबड्डी अकैडमी के खिलाड़ी एवं पदाधिकारी इस उपलब्धि पर उदय और परिवार को बधाई प्रेषित किया है।

## किसान फटाफट पूरे कर लें ये काम, जल्द आने वाली है 20वीं किस्त

# फिर किसानों के खाते में आएंगे 2-2 हजार रुपए

**नई दिल्ली।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना केन्द्र सरकार की एक बड़ी योजना है, जिसके तहत 9 करोड़ से ज्यादा किसानों को सालाना 6,000 रूपए मिलते है। यह राशि हर 4 माह में 3 किस्तों में 2-2 हजार रुपये के रूप में दी जाती है।



यह पैसा केन्द्र सरकार द्वारा डीबीटी ट्रांसफर के जरिए सीधे किसानों के खाते में भेजा जाता है। यह लाभ उन किसानों को मिलता है, जिनके पास 2 हेक्टेयर तक जमीन है और जो भारत के नागरिक है। अबतक योजना की 19 किस्तें आ चुकी है और अब 20वीं किस्त का इंतजार है।

**कब आएगी पीएम किसान योजना की 20वीं किस्त?**

पीएम किसान योजना के नियमानुसार, पहली किस्त अप्रैल-जुलाई के बीच, दूसरी किस्त अगस्त से नवंबर के बीच और तीसरी किस्त दिसंबर से मार्च के बीच जारी की जाती है, ऐसे में अनुमान है कि 20वीं किस्त जून जुलाई 2025 के बीच जारी होने का अनुमान है। 4 महीने के हिसाब से देखें तो 20वीं किस्त का समय जून 2025 में पूरा हो रहा है, ऐसे में उम्मीद है कि जून अंत तक किस्त जारी की जा सकती है।हालांकि अभी तक सरकार की तरफ से कोई अधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है।

**KYC समेत इन दस्तावेजों के बिना नहीं मिलेंगे 2000ः** ध्यान रहे अगली किस्त का लाभ केवल उन किसानों को मिलेगा जिन्होंने द्गयङ्घष्ट,भूलेखों का सत्यापन, बैंक खाता आधार से लिंक का कार्य पूरा कर लिया है। इसके अलावा लाभार्थियों के लिए NPCI डीबीटी ऑप्शन ऑन होना भी जरूरी है। फॉर्म भरते समय जैसे नाम, पता, आधार संख्या या बैंक नंबर आदि जैसी कोई गलती हो गई है तो भी सुधार कर लें वरना लाभ नहीं मिलेगा।

क्या पति-पत्नी दोनों ले सकते है PM KISAN Yojana का लाभ

पीएम किसान योजना के नियम के मुताबिक, एक परिवार में किसान पति और पत्नी दोनों लोग प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ एक साथ नहीं ले सकते हैं। अगर पति-पत्नी दोनों लोग एक साथ इस स्कीम में आवेदन करते हैं तो उनमें से किसी एक के आवेदन को रद्द कर दिया जाएगा।

चुंकी सरकार के नियमों के मुताबिक PM KISAN योजना का लाभ परिवार के एक ही सदस्य को मिल सकता है।अगर परिवार में पति-पत्नी या फिर पिता पुत्र या एक से ज्यादा सदस्यों को लाभ मिला है, तो उनसे राशि वसूली की जा सकती है। केंद्र सरकार ने भी कई बार स्पष्ट कर चुकी है कि पीएम किसान योजना का लाभ एक किसान परिवार में सिर्फ एक शख्स को ही दिया जाता है।

**लिस्ट में कैसे चेक करें अपना नामः** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की आधिकारिक वेबसाइट https://pmkisan.gov.in/ पर जाएं।

इसके बाद farmer corner पर क्लिक करें,फॉर्मर कॉर्नर पर क्लिक करने के बाद एक नया पेज खुल जाएगा। यहां beneficiary list के विकल्प का चयन करें। इसके बाद एक फॉर्म खुलेगा। इसमें पहले राज्य, फिर जिला, ब्लॉक और गांव का नाम चुनें। सभी जानकारी को भरने के बाद get report पर क्लिक करें। इस प्रक्रिया को पूरी करते ही आपके सामने आपके गांव के पीएम किसान योजना के लाभार्थियों की लिस्ट खुल जाएगी। लिस्ट में अगर आपका नाम है, तो आपके खाते में भी पैसे आएंगे।

# मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ की ब्लॉक इकाई की बैठक संपन्न,कार्यकारिणी की हुई घोषणा

## कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने कहा-संगठन के हित मे कार्य करता रहूंगा

**आष्टा।** मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार ब्लॉक इकाई का आयोजन स्थानीय मोहिनी रेस्टोरेंट कन्नौद रोड पर एक आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष नरेन्द्र यादव,कार्यकारी जिला अध्यक्ष कमलेश्वर वैष्णव,महासचिव गजराज सिंह चौहान, वरिष्ठ पत्रकार संरक्षक अब्दुल रऊफ खान लाला के मुख्य अतिथि में आयोजन समस्त पत्रकारों की उपस्थिति में मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। ब्लॉक अध्यक्ष श्याम शर्मा सलिल ने सभी अतिथियो का साफा बांधकर पुष्पमालाओ से स्वागत किया। वही कार्यक्रम मे उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए ष्शहर के वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल रऊफ खान लाला का शाल,श्रीफल,शील्ड देकर सम्मानित किया। वही कार्यक्रम मे ज्योतिष के क्षेत्र मे उभरते ज्योतिषाचार्य पंडित अमित तिवारी का शाल श्रीफल से स्वागत किया गया। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने अपने उद्बोधन मे कहा कि पहले की पत्रकारिता और अब की पत्रकारिता मे जमीन आसमान का फर्क है। मै आपको विश्वास दिलाता हूं कि जिलेभर के मेरे पत्रकारसाथीयो पर कोई भी पेरशानी आई तो मै उनके हर समय साथ खड़ा रहूंगा। श्री यादव ने आगे कहा कि पत्रकारो की हर समस्या को मुख्यमंत्री मोहन यादव को भी अवगत कराएंगे। आपने जिस तरह का आयोजन किया वो तारीफ के काबिल है। पत्रकारो की हर माह मीटिंग होगी। उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेशस्तर का सम्मेलन सलकनपुर मे होगा। जिसकी तैयारी जोर ष्शोर से चल रही है। साथ मे जिला सम्मेलन नसरूल्लागंज मे जल्दी होगा। कार्यक्रम मे संरक्षक अब्दुल रऊफ खान लाला ने आयोजन की तारीफ करते हुए कहा कि पत्रकारिता मे काफी बदलाव आया है। हमको नगर के साथ साथ आंचलिक क्षेत्र की खबरो पर भी ध्यान देना चाहिए। ताकि शासन प्रशासन तक जनहित की खबर पहुच सके। और समस्या हल हो जाए। कार्यक्रम मे वरिष्ठ पत्रकार और संगठन के संरक्षक जहूर मंसूरी ने कहा कि खबर वो होना चाहिए। जिस पर जनता हमारी लेखनी पर विश्वास करे। खबर प्रमाण के साथ लिखना चाहिए। पत्रकारिता की एकता बहुत जरूरी है। पंडित अमित तिवारी ने कह कि संगठन हित मे इस तरह के आयोजन होना चाहिए ताकि पत्रकारो को मार्गदर्शन मिलता रहे। उन्होने नवनियुक्त पदाधिकारीयो को बधाई दी। सरंक्षक अब्दुल रऊफ खान लाला, पंडित अमित तिवारी, जहूर मंसूरी, बाबू पांचाल, श्रीमल मेवाड़ा,राकेश बैरागी,आनंदीलाल सोनी, सतीश



जोशी ,नारायण सिंह जाट एवं नवनियुक्त कार्यकारिणी में अध्यक्ष श्याम शर्मा सलिल ने नियुक्त किया। जिसमे मुख्य रूप से महासचिव इसराईल मंसूरी, उपाध्यक्ष शैलेष शर्मा,राजीव गुप्ता,कैलाश अजनोटिया, कोषाध्यक्ष धनंजय जाट,कानूनी सलाहकार नीलेश ष्शर्मा,सहसचिव विक्रम ठाकुर,जितेंद्र राठौर,मीडीया प्रभारी मोहित सोनी, कार्यकारी सदस्य में मोहम्मद सादिक,खालिद खान लाला, जितेंद्र बैरागी,अनीस कुमार ,पवन वर्मा, कृष्णपाल वर्मा,राजेश सोलंकी, फैजउद्दीन,इस्माईल मंसूरी, छोटू खान, महेश मेवाड़ा,संतोष करोलिया, शैलेंद्र ठाकुर, दिनेश पटवा, शैलेंद्र राय नियुक्त किए गए। कार्यक्रम मे ब्लॉक के पत्रकार बड़ी संख्या मे शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन शैलेष शर्मा ने किया। आभार जहूर मंसूरी ने माना।

## नाईसस फाइनेंस ने 56 प्रतिशत वृद्धि के साथ शानदार परिणाम दिए

**मुंबई, एजेंसी।** नाईसस फाइनेंस सर्विसेज कंपनी लिमिटेड जो शहरी बुनियादी ढांचे और संरचित वित्त में विशेषज्ञता रखने वाली एक प्रमुख निवेश प्रबंधन कंपनी है, ने एच2 और एफवाय25 के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणाम प्रकाशित किए हैं। नाईसस फाइनेंस के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक श्री अमित गोयनका ने कहा- एफवाय25 हमारे लिए रणनीतिक गति और प्लेटफॉर्म विकास का वर्ष रहा। नाईसस फाइनेंस ने रियल एस्टेट और शहरी अवसंरचना में विशेषज्ञता के साथ एक क्षेत्रीय रूप से विविध संपत्ति प्रबंधक बनने के अपने दृष्टिकोण को और मजबूत किया। जीसीसी क्षेत्र में डीआइएफसी आधारित उपस्थिति स्थापित कर तथा दुबई के जेवीसी और अल फुर्जान जैसे उच्च संभावनाओं वाले आवासीय क्षेत्रों में अधिग्रहण करके हमने सीमा-पार निवेश और दीर्घकालिक स्थायित्व की दिशा में ठोस कदम उठाए। साथ ही, मॉरिशस में एक निवेश वाहन स्थापित कर वैश्विक शहरी अवसंरचना अवसरों के लिए पूंजी संग्रहण की दिशा में भी हमने कदम बढ़ाए। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तरों पर हमारे आधार के सशक्त होने से, हम विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में उभरते अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम हैं। हमारा रू955 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ ?1,572 करोड़ तक पहुंच गया है।

## पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) ने एफवाय25 में राजस्व में 73 प्रतिशत और शुद्ध लाभ में 100 प्रतिशत की धमाकेदार बढ़त दर्ज की!

**अहमदाबाद, एजेसी।** पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड, , जो विद्युत ठेका और उपकरण उद्योग के प्रमुख खिलाड़ियों में से एक है, ने क्यू4 एफवाय25 और एफवाय25 के अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। आर्थिक प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, श्री पद्मराज पद्मनाभन पिल्लई, प्रबंध निदेशक, पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड ने कहा, हमें एफवाय25 में असाधारण प्रदर्शन की रिपोर्ट देते हुए गर्व महसूस हो रहा है, जो हमारी क्रियान्वयन क्षमताओं की ताकत और हमारे संचालन को मार्गदर्शित करने वाली रणनीतिक स्पष्टता को दर्शाता है। हमारी आय में साल-दर-साल प्रभावशाली 73 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि शुद्ध लाभ लगभग 100 प्रतिशत बढ़ा, जो हमारी विकास रणनीति की प्रभावशीलता और हमारे व्यापार मॉडल की मजबूती को दर्शाता है। यह तिमाही हमारे सफर में कई रणनीतिक मील के पत्थर भी चिह्नित करती है। हमने पीआइजीएल के समय पर किए गए प्रवेश के माध्यम से सोलर इपीसी सेक्टर में महत्वपूर्ण कदम रखा है, जो भारत के अक्षय ऊर्जा की तेज़ी से हो रही परिवर्तन के साथ पूरी तरह मेल खाता है। हमारे स्थापित विनिर्माण बलों को उभरती प्रोजेक्ट क्रियान्वयन क्षमताओं के साथ जोड़कर, हम अब समग्र और उच्च-मूल्य वाले स्वच्छ ऊर्जा समाधान प्रदान करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं।

## तेजस कार्गो इंडिया ने एफवाय25 में 50 प्रतिशत की ईबीआईटीडीए वृद्धि दर्ज की!

**मुंबई, एजेंसी।** देशभर में अपनी मज़बूत उपस्थिति के साथ अग्रणी लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता तेजस कार्गो इंडिया लिमिटेड ने अपनी एच2 और वित्त वर्ष 2024-25 की ऑडिटेड वित्तीय रिपोर्ट जारी की। तेजस कार्गो इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री चंदर बिंदल ने कहा, वित्त वर्ष 2024-25 तेजस कार्गो इंडिया के लिए एक परिवर्तनकारी वर्ष रहा है। हमने नेट प्रॉफिट में 45 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की, जो बेहतर एसेट उपयोग, लागत प्रबंधन और स्केल विस्तार के कारण संभव हुआ। हमारे प्रमुख मील के पत्थर में एनएसई इमर्ज पर सफल लिस्टिंग, हमारे बेड़े का 1,100 से अधिक वाहनों तक विस्तार, और देशभर में 22 स्थानों तक हमारी भौगोलिक पहुंच शामिल है। हमने कई उद्योग क्षेत्रों में विविधता लाते हुए अपने ग्राहक आधार को भी महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया। ये सभी विकास हमारे संचालन निष्पादन और दीर्घकालिक विकास योजना पर ध्यान केंद्रित करने को दर्शाते हैं। भारत में लॉजिस्टिक्स सेक्टर विभिन्न उद्योगों में बढ़ती मांग और आपूर्ति श्रृंखलाओं के औपचारिकरण से लाभान्वित हो रहा है। तकनीक, बेड़े और मल्टीमॉडल क्षमताओं में हमारे निवेश इन रुझानों के अनुरूप हैं। हम वित्त वर्ष 2025-26 की ओर बढ़ते हुए अपने वेयरहाउसिंग नेटवर्क का विस्तार, ट्रेलर बेड़े में वृद्धि, और कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के साथ साझेदारी के माध्यम से रेल लॉजिस्टिक्स को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। ये पहलकदमी सेवा की गुणवत्ता और दक्षता में सुधार के साथ निरंतर वृद्धि को समर्थन देंगी।

## यूवा ने चार नई स्टाइलिशपेंसिलें पेश कीं- रिट्ज़, ड्रीमी, क्लिप और ल्यूमिनो

**मुंबई, एजेंसी।** नवनीत एज्युकेशन के स्टेशनरी ब्रांड यूवा ने अपनी नई रंगीन पेंसिल रेंज - रिट्ज़, ड्रीमी, क्लिप और ल्यूमिनो लॉन्च की है। पर्सनैलिटी, काम की उपयोगिता के अनुसार आसान डिज़ाइन और किफायती कीमत - इन तीनों को मिलाकर तैयार की गई यह सीरीज़ छात्रों, क्रिएटर्स और स्टाइल के साथ लिखने वालों के लिए एक नया पसंदीदा विकल्प बनने जा रही है।

रोज़मर्रा के लेखन और ड्रॉइंग के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सोच-समझकर डिज़ाइन की गई ये पेंसिलेंअल्ट्रा-डार्क 2क्लीड के साथ आती हैं, जो स्मूद और बोल्ड स्ट्रोक्स देती हैं। प्रीमियम मेटैलिक फिनिश वाली पैकेजिंग और आरामदायक हेक्सागोनल ग्रिप के साथ ये पेंसिलें देखने में जितनी आकर्षक हैं, हाथ में पकड़ने पर उतनी ही शानदार लगती हैं – उपयोगिता और स्टाइल का यह परफेक्ट कॉम्बिनेशन है।

रिट्ज़, ड्रीमी, क्लिप और ल्यूमिनोका हर पैक 10 पेंसिलों के साथ आता है, जो रचनात्मकता और व्यक्तिगत स्टाइल को दर्शाने के लिए खासतौर पर डिज़ाइन की गई हैं। रिट्ज़ में मैट ब्लैक फिनिश के साथ तीन अलग-अलग रंगीन पैटर्न दिए गए हैं, जो उन लोगों के लिए परफेक्ट हैं जिन्हें हल्के से बोल्ड लुक के साथ रंगों का तड़का पसंद है। इसके विपरीत, ड्रीमी एक नर्म और फैंटेसी जैसी फील लेकर आती है – सॉफ्ट पेस्टल शेड्स, मोती चमक कोटिंग और हर पेंसिल पर बना एक प्यारासा मिनी पॉ डिज़ाइन इसे और खास बनाता है।हर पैक में एक फ्री शार्पनर और इरेज़र शामिल है, जिससे यह एक कम्प्लीट स्टेशनरी सेट बन जाता है। हेक्सागोनल शेप वालीक्लिप पेंसिलों पर उपयोगकर्ताओं को प्रेरित करने के लिए एक प्रेरणादायक उद्धरण उत्कीर्ण किया गया है। इस पैक में निःशुल्क शार्पनर और इरेज़र भी दिया गया है, जिससे यह लेखन और चित्रांकन के लिए एक परफेक्ट सेट बन जाता है। ट्रायंगल शेप वाली ल्यूमिनो परचमकदार फ्लोरेसेंट शेड्स शामिल हैं। यह पेंसिल अतिरिक्त सुविधा के लिए इरेज़र टिप के साथ आती हैं और साथ में एक निःशुल्क शार्पनर भी दिया जाता है। यूवा स्टेशनरी के चीफ स्ट्रैटजी ऑफिसर श्री. अभिजीत सान्याल कहते हैं, हमारा मानना है कि पेंसिल जैसी लेखन सामग्री भी उतनी ही दिलचस्प और अभिव्यक्तिपूर्ण होनी चाहिए, जितने विचार हम उससे लिखते हैं। ये नई पेंसिलें खासतौर पर इस सोच के साथ बनाई गई हैं कि वे रचनात्मकता को बढ़ावा दें और साथ ही शानदार क्वालिटी को किफायती कीमत पर उपलब्ध कराएँ।

## बकार्डी की पहली मेड-इन-इंडिया व्हिस्की 'लीगेसी' को वर्ल्ड व्हिस्कीज़ अवार्ड्स 2025 में गोल्ड अवॉर्ड समेत अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय प्रीमियम व्हिस्की सेगमेंट के लिए यह एक ऐतिहासिक पल है। बकार्डी की पहली मेड-इन-इंडिया प्रीमियम व्हिस्की 'लीगेसी' को प्रतिष्ठित वर्ल्ड व्हिस्कीज़ अवार्ड्स 2025 में ब्लेंडेड व्हिस्की कैटेगरी में गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि के साथ न केवल भारत की शराब निर्माण क्षमता को वैश्विक मान्यता मिली है, बल्कि देश की प्रीमियम व्हिस्की को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान हासिल हुई है। शानदार, आधुनिक और बारीकी से तैयार की गई लीगेसी सिर्फ एक नई व्हिस्की नहीं है, बल्कि यह भारत की युवा सोच, आत्मविश्वास और वैश्विक दृष्टिकोण की प्रतीक बन चुकी है। लीगेसी, जिसे भारत में तैयार किया गया है, साहसिक सोच और उम्दा गुणवत्ता का बेहतरीन मेल है। इसे भारतीय और स्कॉटिश माल्ट्स को भारतीय अनाजों के साथ मिलाकर तैयार किया गया है। इसका स्वाद खासा समृद्ध, संतुलित और स्मूद है, जो हर घूंट में एक प्रीमियम अनुभव देता है – यही वजह है कि यह व्हिस्की दुनियाभर के व्हिस्की प्रेमियों को लुभा रही है। इन अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों ने लीगेसी को न केवल वैश्विक मंच पर स्थापित किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि प्रीमियम व्हिस्की के क्षेत्र में बकार्डी की पकड़ लगातार मजबूत होती जा रही है।

# राजीव शुक्ला बन सकते हैं बीसीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष




**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला जुलाई में बोर्ड के कार्यवाहक अध्यक्ष बन सकते हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। दरअसल, बीसीसीआई के मौजूदा अध्यक्ष रोजर बिन्नी 19 जुलाई को 70 वर्ष के हो जाएंगे।नियमानुसार बीसीसीआई अध्यक्ष की उम्र 70 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। 65 वर्षीय शुक्ला को तीन महीनों के लिए कार्यवाहक अध्यक्ष की भूमिका मिल सकती है। सूत्रों ने बताया कि सितंबर में वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान राजीव शुक्ला बोर्ड के पूर्णकालिक अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में खड़े हो सकते हैं। इस पर अब शुक्ला का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, %ये अनावश्यक खबरें हैं। जब किसी नियम की वजह से कोई पद खाली होता है, तो दूसरे स्थान पर रहने वाले व्यक्ति को अस्थाई प्रभार दिया जाता है। उसी नियम की वजह से दूसरे स्थान पर रहे व्यक्ति को अंतरिम प्रभार दिया जाता है। इसलिए अगले चुनावों तक यही स्थिति रहेगी। इसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। इसे इतना महत्व देने की कोई जरूरत नहीं है।

रोजर बिन्नी को अक्तूबर 2022 में बीसीसीआई के 36वें अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की जगह ली थी। गांगुली ने अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा किया था। तब बिन्नी शीर्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार थे। बिन्नी के बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के बाद भारत ने दो सीमित ओवर प्रारूप के आईसीसी टूर्नामेंट जीते। भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अपने नाम किया था। बिन्नी के अध्यक्ष रहते ऐतिहासिक महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की भी शुरुआत हुई। उनके अध्यक्ष रहते ही घरेलू क्रिकेट को बेहतर प्रोत्साहन मिला।

खिलाड़ियों के वेतन में वृद्धि हुई और टीम इंडिया के सीनियर खिलाड़ियों को घरेलू टूर्नामेंटों में खिलवाने के लिए उचित और सख्त कदम उठाए गए। 1983 विश्व कप विजेता टीम के मुख्य खिलाड़ी रहे ऑलराउंडर बिन्नी ने 27 टेस्ट मैचों और 72 वनडे मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने टेस्ट मैचों में 47 विकेट लिए और पांच अर्धशतकों की मदद से 830 रन बनाए। 72 वनडे मैचों में उन्होंने 77 विकेट लिए और एक अर्धशतक की मदद से 629 रन बनाए। भारत को पहला वनडे विश्व कप (1983) जिताने में उनका अहम योगदान था। 1983 विश्व कप में 18 विकेट लेकर वह भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। बिन्नी इससे पहले बीसीसीआई चयन समिति के सदस्य के रूप में काम कर चुके हैं।

# फिर बदले सोने के भाव



**मुंबई, एजेंसी।** जून के महीने में सोने चांदी की कीमतों में उतार चढ़ाव का दौर जारी है। अगर आप आज सोना या चांदी खरीदने का प्लान बना रहे है तो पहले 3 जून का ताजा भाव जान लीजिए। मंगलवार को सोने के दाम में 330 प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमतों में 100 प्रति किलो का उछाल आया है। नई कीमतों के बाद सोने के दाम 99000 और चांदी के भाव 1 लाख पर ट्रेंड कर रहे है। आज मंगलवार को सराफा बाजार की ओर जारी सोने और चांदी के अनुसार आज 3 जून 2025 को 22 कैरेट सोने के दाम 90,950 , 24 कैरेट का भाव 99, 060 और 18 ग्राम सोने का रेट 74,420 रुपए पर ट्रेंड कर रहे है। वहीं 1 किलो चांदी का रेट 1, 00, 100 हजार रुपए चल रहा है। 18 कैरेट सोने का आज का भाव दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत74 420/- रुपये। कोलकाता और मुंबई सराफा बाजार में 74, 300/- रुपये। इंदौर और भोपाल में सोने का भाव 74, 340 चल रहा है। चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 74, 750/- रुपये पर ट्रेड कर रही है।

22 कैरेट सोने का आज का भाव भोपाल और इंदौर में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 90, 850/- रुपये। जयपुर, लखनऊ, दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 90,950/- रुपये। हैदराबाद, केरल, कोलकाता, मुंबई सराफा बाजार में 90, 800/- रुपये ट्रेंड कर रहा है।

24 कैरेट सोने का आज का भाव भोपाल और इंदौर में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 99 110 रुपये। दिल्ली जयपुर लखनऊ और चंडीगढ़ सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 99 060/- रुपये। हैदराबाद, केरल, बैंगलुरू और मुंबई सराफा बाजार में 99, 060/- रुपये ।चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 99,060/- रुपये पर ट्रेंड कर रहा है। जयपुर कोलकाता अहमदाबाद लखनऊ मुंबई दिल्ली सराफा बाजार में 01 किलोग्राम चांदी की कीमत 1,00, 100 /- रुपये चल रही है। चेन्नई, मदुरै , हैदराबाद,और केरल सराफा बाजार में कीमत 1,11,100/- रुपये। भोपाल और इंदौर में 1 किलो चांदी की कीमत 1,00, 100/ रुपए ट्रेंड कर रही है।

# पतंजलि को हाई कोर्ट से तगड़ा झटका, 273.5 करोड़ के जीएसटी जुर्माने पर राहत नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलाहाबाद हाई कोर्ट से पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को बड़ा झटका लगा है. कोर्ट ने पतंजलि की 273.5 करोड़ रुपये के जीएसटी जुर्माने को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है. कोर्ट ने यह फैसला दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद 29 मई को दिया था. न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित की खंडपीठ ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि जीएसटी अधिनियम की धारा 122 के तहत कर अधिकारियों को दीवानी प्रक्रिया के तहत जुमाना लगाने का अधिकार है और इसके लिए आपराधिक मुकदमे की आवश्यकता नहीं है. कोर्ट ने यह भी कहा कि यह कार्यवाही न्याय निर्णय अधिकारी द्वारा की जाती है, जो दीवानी प्रकृति की होती है. पतंजलि ने अपनी याचिका में यह तर्क दिया था कि इस तरह का जुर्माना आपराधिक प्रकृति का है और इसे तभी लगाया जा सकता है जब कंपनी के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चले और दोष सिद्ध हो. लेकिन हाई कोर्ट ने पतंजलि के इस तर्क को खारिज कर दिया. गौरतलब है कि पतंजलि आयुर्वेद की तीन इकाइयां हरिद्वार (उत्तराखंड), सोनीपत (हरियाणा) और अहमदनगर (महाराष्ट्र) जांच के दायरे में आई थीं. अधिकारियों को शक था कि कंपनी ने कागजी चालानों के जरिए वास्तविक आपूर्ति के बिना इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का अनुचित लाभ उठाया.

जांच के आधार पर जीएसटी आसूचना महानिदेशालय , गाजियाबाद ने 19 अप्रैल 2024 को पतंजलि को कारण बताओ नोटिस जारी किया था. नोटिस में कंपनी पर 273.51 करोड़ रुपये का जुर्माना प्रस्तावित किया गया था. इस पर पतंजलि ने उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की थी. अब हाई कोर्ट के फैसले के बाद पतंजलि को जुर्माने की प्रक्रिया का सामना करना पड़ेगा.

## एचडीएफसी बैंक मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मेगा 'ऑटो लोन मेला'करेगा आयोजित

**भोपाल।** भारत का अग्रणी निजी क्षेत्र का बैंक एचडीएफसी बैंक 3 और 4 जून, 2025 को दो दिवसीय मेगा 'ऑटो लोन मेला' आयोजित करने जा रहा है। इस दो दिवसीय लोन मेले में राजस्थान,मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की 450 से अधिक शाखाएँ भाग लेंगी। क्षेत्र के प्रमुख चार पहिया वाहन डीलरशिप नवीनतम पेशकशों का प्रदर्शन करेंगे। लोन मेले में आने वाले ग्राहक वाहनों को देख और टेस्ट ड्राइव कर सकते हैं, जबकि पात्र ग्राहक आसान पुनर्भुगतान विकल्पों के साथ मौके पर ही ऋण स्वीकृत करवा सकते हैं। ऋण मेला खरीदारों को वास्तविक कार डीलरों से जोड़ने के लिए डिज़ाइन किया गया एकीकृत प्लेटफ़ॉर्म प्रदान करेगा, जबकि एचडीएफसी बैंक एक्सप्रेस कार ऋण के माध्यम से सुचारू ऋण वितरण सुनिश्चित करेगा। यह सुविधा मौजूदा और भावी एचडीएफसी बैंक ग्राहकों दोनों के लिए उपलब्ध है। 'एक्सप्रेस कार लोन' प्लेटफॉर्म एक पूर्ण डिजिटल, पेपरलेस और संपर्क-मुक्त प्रक्रिया को सक्षम बनाता है, जिससे डीलरों को ऑटो लोन का वितरण केवल 30 मिनट के भीतर हो जाता है।

## अमेजन बाजार के साथ करें स्मार्ट ट्रैवल, जहां ट्रैवल से जुड़ी जरूरी चीजें 99 रुपए से हैं शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** इस बार गर्मी, अधिक खर्च नहीं बल्कि अधिक अनुभव हासलि करने वाली है। अचानक समुद्र तट की सैर से लेकर सनराइज ट्रैक तक, ट्रैवलर्स भारी बैग छोड़कर कॉम्पैक्ट, ऑल-इन-वन गियर चुन रहे हैं। लीक-प्रूफ बोतल, इनफ्लेटेबल नेक पिलो, और स्मार्ट ट्रैवल हैक्स पर शानदान डील्स की आपको तलाश है, अमेजन बाजार पर सबकुछ उपलब्ध है।

अमेजन बाजार पर बेहद किफायती रेंज देखें, जो 599 रुपए से कम में भारत का पसंदीदा चलता-फरिता शॉपिंग सेंटर है। अगर आप अपनी अगली छुट्टियों की योजना बना रहे हैं, और विभिन्न ट्रैवल प्रोडक्ट्स पर आकर्षक डील्स की तलाश कर रहे हैं, तो अब आप अपनी खोज को यहीं रोक दीजिए, क्योंकि अमेजन बाजार आपके लिए तैयार है। क्या आप खोज के लिए तैयार हैं यहां आपके लिए कुछटॉप ट्रैवल सुझाव हैं, जो यह सिद्ध करते हैं कि स्मार्ट पैकिंग के लिए बड़े बजट की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। यात्रा के लिए कॉम्बो - ट्रैवल बोतल - 199 रुपए में 6 बोतल पाएं, भारी-भरकम टॉयलेट्री बैग्स को गुडबाय कहें, ये स्लीक और लीक-प्रूफ मिनी स्नैप टाइट बंद होते हैं और किसी भी कैरी-ऑन में आसानी से फिट हो जाते हैं। मजबूत प्लास्टिक से बने, ये आपके लोशन, सीरम और शैम्पू को सुरक्षित और फैलने से रोकेते हैं। ये उन लोगों के लिए उपयुक्त हैं जो हमेशा यात्रा करने के लिए तैयार हैं और भारी लगैज को पैकिंग करना पसंद नहीं करते हैं। टूथब्रश और सोप केस सेट : टूथब्रश और सोप केस सेट- 199 रुपए में खरीदें, इसके बाद आपके गीले ब्रश या साबुन के झाग से गंदे बैग से छुटकारा मिलेगा, यह मजबूत डुअल-कम्पार्टमेंट केस नमी और गंदगी को दूर रखता है। कठोर शेल ब्रिसल्स और साबुन दोनों की सुरक्षा करता है, ताकि आप कहीं भी, कभी भी तरोताजा हो सकें।

## वेदांतु के छात्र दक्ष ने कर्नाटक में पहला स्थान हासिल किया और जेईई एडवांस्ड 2025 में एआईआर 15 हासिल किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेईई परीक्षा की तैयारी करवाने वाला भारत का अग्रणी शिक्षा संस्थान वेदांतु, जेईई एडवांस्ड 2025 में अपने छात्रों के असाधारण प्रदर्शन की गर्व से घोषणा करता है। साल दर साल शीर्ष रैंक और लगातार समान नतीजों के साथ, यह साल उच्च गुणवत्ता, व्यक्तिगत और परिणाम-केंद्रित शिक्षा प्रदान करने में वेदांतु की निरंतर सफलता की पुष्टि करता है। उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वालों में बैंगलोर के दक्ष तायलिया भी शामिल हैं, जिन्होंने गणित में पूरे 120 अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर 15वाँ स्थान प्राप्त किया है और कर्नाटक राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वेदांतु के 3 वर्षीय दीर्घावधि बैच के छात्र दक्ष का अटूट अनुशासन, प्रतिबद्धता और प्रक्रिया में विश्वास वास्तव में प्रेरणादायक रहा है। इसके अलावा वेदांतु परिवार को गौरवान्वित करने वाले गोरखपुर के प्रखर सिंह भी हैं, जिन्होंने लॉन्ग टर्म बैच में अखिल भारतीय 92वीं रैंक हासिल की है - जो केंद्रित प्रयास, दृढ़ता और विशेषज्ञ-निर्देशित मार्गदर्शन का परिणाम है।

ये उपलब्धियाँ अकेली नहीं हैं। वेदांतु के छात्रों ने मज़बूत और निरंतर प्रदर्शन किया है, जिसमें 8 छात्रों को शीर्ष 100 में, 20 को शीर्ष 500 में और 83 को शीर्ष 5,000 में स्थान मिला है। यह वेदांतु की व्यक्तिगत, परिणाम-उन्मुख शिक्षा पद्धति की सफलता की पुष्टि करता है। प्रत्येक विद्यार्थी को ऑनलाइन उच्च गुणवत्ता वाली, वैयक्तिकृत शिक्षा उपलब्ध कराना।

# इम्युनिटी को प्राकृतिक तरीके से बढ़ाना चाहते हैं? अपने रोज़ाना के खाने में शामिल करें ये चीज़ें



**भोपाल।** देशभर में कोविड और फ्लू के मामले एक बार फिर बढ़ रहे हैं। ऐसे में अपनी इम्?युनिटी को मजबूत और संतुलित बनाए रखना बहुत ज़रूरी हो गया है। संक्रमण की इस मौसमी लहर के साथ खांसी, जुकाम, पाचन की परेशानी और कमजोरी जैसी दिक्कतें भी आम हो गई हैं।

एमबीबीएस और न्?यूट्रीशनिस्ट डॉ. रोहिणी पाटिल बताती हैं कि यदि आप अपने रोज़ के खानपान में बादाम, हल्दी और अदरक जैसे पोषक तत्वों से भरपूर सुपरफूड्स को शामिल करें, तो इम्?युन सिस्टम को मज़बूती मिलती है और आप बेहतर सेहत बनाए रख सकते हैं। आइए जानते हैं डॉ. रोहिणी किन-किन सुपरफूड्स को रोज़मर्रा के आहार में शामिल करने की सलाह देती हैं, ताकि इस संक्रमण के मौसम में आपका शरीर सुरक्षित रह सके- कैलिफोर्निया बादाम- ड्राय फ्रूट्स में बादाम को राजा कहा जाता है और कैलिफोर्निया बादाम खास तौर पर सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माने जाते हैं। इनमें 15 ज़रूरी पोषक तत्व होते हैं, जैसे हेल्दी फैट, प्रोटीन, जिंक, मैग्नीशियम, एंटीऑक्सिडेंट्स और विटामिन ई। ये न केवल दिल की सेहत का ख्याल रखते हैं, बल्कि शरीर में ऊर्जा बनाए रखने में भी मदद करते हैं। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया भी रोज़ाना बादाम खाने की सलाह देती है, जिससे आपकी इम्युनिटी बेहतर हो सकती है और समग्र स्वास्थ्य में सुधार आ सकता है। साथ ही, कैलिफोर्निया बादाम त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने और वजन संतुलित करने में भी मदद करते हैं, क्योंकि इनमें प्राकृतिक रूप से पेट भरने का गुण पाया जाता है। हल्दी अपने सूजन-रोधी और एंटीऑक्सिडेंट गुणों के लिए जानी जाती है। यह इम्युनिटी को मजबूत करती है और संक्रमण से लड़ने में मदद करती है। इसलिए फ्लू के मौसम में हल्दी को अपने आहार में ज़रूर शामिल करें। अदरक- अदरक पाचन को बेहतर बनाती है, सूजन को कम करती है।

## महिन्द्रा युनिवर्सिटी ने डॉक्टर जयराम रघुनाथ को स्कूल ऑफ लॉ का डीन नियुक्त किया



**नई दिल्ली/हैदराबाद।** महिन्द्रा युनिवर्सिटी ने डॉक्टर जयराम रघुनाथ को स्कूल ऑफ लॉ का नया डीन नियुक्त करने की घोषणा की है। डॉक्टर रघुनाथ एक निपुण शिक्षाविद, विधि शिक्षक और शोधकर्ता हैं जिन्हें कानून में 25 वर्ष से अधिक का गहरा अनुभव है और उन्होंने कॉरपोरेट प्रैक्टिस और संस्थागत नेतृत्व किया है। महिन्द्रा युनिवर्सिटी में आने से पूर्व डॉक्टर रघुनाथ ने जीडी गोयनका युनिवर्सिटी और मणिपाल युनिवर्सिटी, जयपुर में डीन के तौर पर सेवाएं दी हैं। वह संस्थागत मध्यस्थता केंद्रों की स्थापना समेत विधि शिक्षा में पेशेवर अभ्यास को एकीकृत करने के अग्रणी प्रयासों की अगुवाई की और उनके द्वारा स्थापित मध्यस्थता केंद्रों को एपीसीएएम द्वारा सर्वोत्तम एडीआर नवप्रवर्तन के तौर पर मान्यता दी गई। सीखने वालों पर केंद्रित और उद्योग के अनुरूप पाठ्यक्रम डिजाइन और अनुदेशात्मक डिजाइन पर विशेष जोर के साथ ही सीखने का आश्वासन और टेक्नोलॉजी एकीकरण में उनकी विशेषज्ञता है जिससे भविष्य के अनुरूप शिक्षा में नवप्रवर्तन को प्रोत्साहन मिल रहा है। इस युनिवर्सिटी में डॉक्टर रघुनाथ का स्वागत करते हुए महिन्द्रा युनिवर्सिटी के कुलपति डॉक्टर यजुलू मेदुरी ने कहा, ÷हमें स्कूल ऑफ लॉ के डीन के तौर पर डॉक्टर जयराम रघुनाथ का स्वागत करते हुए बेहद खुशी है। उनका दूरदर्शी नेतृत्व और नवप्रवर्तन एवं अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, विधि शिक्षा की नए सिरे से कल्पना करने के महिन्द्रा युनिवर्सिटी के मिशन के अनुरूप है।

# ज्यूरी मेंबर सोनू सूद के किस सवाल के जवाब ने ओपल सुचता को मिला वर्ल्ड का ताज पहनाया




**मुंबई, एजेंसी।** मिस वर्ल्ड में सिर्फ खूबसूरती के आधार पर नहीं बल्कि विजेता का चुनाव ओवरऑल पर्सनालिटी के आधार पर होता है. आखिर में टॉप 8 कंटेस्टेंट से सवाल पूछे जाते हैं, जिसके बाद विनर का ऐलान होता है. ओपल से बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद ने सवाल पूछा था. मिस वर्ल्ड 2025 प्रतियोगिता का सफर 31 मई की रात खत्म हो गया. लगभग 24 दिनों तक हैरदाबाद में चले इस इवेंट में थाईलैंड की ओपल सुचता चुऊंग्स्री ने जीत दर्ज की और बन गईं 72वीं मिस वर्ल्ड. हालांकि, उनका यहां तक पहुंचने का सफर आसान नहीं था. मिस वर्ल्ड 2025 प्रतियोगिता का सफर 31 मई की रात खत्म हो गया. लगभग 24 दिनों तक हैरदाबाद में चले इस इवेंट में थाईलैंड की ओपल सुचता चुऊंग्स्री ने जीत दर्ज की और बन गईं 72वीं मिस वर्ल्ड. हालांकि, उनका यहां तक पहुंचने का सफर आसान नहीं था. ब्यूटी विद अ पर्पज, टैलेंट राउंड, हेड-टू-हेड चैलेंज समेत इस प्रतियोगिता में कई टैलेंट राउंड होते हैं. उसके बाद ही विनर का ऐलान होता है. सबसे आखिर में सवाल-जवाब का राउंड होता है. चुने गए टॉप 8 कंटेस्टेंट से जूरी मेंबर्स सवाल करते हैं. इस क्यू सेशन के जरिए कंटेस्टेंट इंटेलिजेंसी और सोच को देखा जाता है. ब्यूटी विद अ पर्पज, टैलेंट राउंड, हेड-टू-हेड चैलेंज समेत इस प्रतियोगिता में कई टैलेंट राउंड होते हैं. उसके बाद ही विनर का ऐलान होता है. सबसे आखिर में सवाल-जवाब का राउंड होता है. चुने गए टॉप 8 कंटेस्टेंट से जूरी मेंबर्स सवाल करते हैं. इस क्यू सेशन के जरिए कंटेस्टेंट इंटेलिजेंसी और सोच को देखा जाता है. इस बार हैदराबाद में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद में जूरी मेंबर्स में शामिल थे. उन्होंने ही ओपल से सवाल पूछा, जिसका जवाब देकर वो बन गईं मिस वर्ल्ड 2025. चलिए जानते हैं कि आखिर वो सवाल क्या था. इस बार हैदराबाद में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद में जूरी मेंबर्स में शामिल थे. उन्होंने ही ओपल से सवाल पूछा, जिसका जवाब देकर वो बन गईं मिस वर्ल्ड 2025. चलिए जानते हैं कि आखिर वो सवाल क्या था. सोनू सूद ने ओपल से सवाल किया था कि कैसे उनके सफर ने उन्हें स्टोरीटेलिंग और व्यक्तिगत जिम्मेदारी के बारे में सीख दी है.

ओपल ने इस सवाल का जवाब बेबाकी के साथ दिया और जूरी मेंबर्स को अपने जवाब से संतुष्ट कर दिया. सोनू सूद ने ओपल से सवाल किया था कि कैसे उनके सफर ने उन्हें स्टोरीटेलिंग और व्यक्तिगत जिम्मेदारी के बारे में सीख दी है. ओपल ने इस सवाल का जवाब बेबाकी के साथ दिया और जूरी मेंबर्स को अपने जवाब से संतुष्ट कर दिया. ओपल ने कहा, ÷मैंने ये सीखा है कि हमें एक ऐसा इंसान बनना चाहिए, जिनकी हमारे चाहने वाले तारीफ करें. इस बात से कोई भी फर्क नहीं पड़ता है कि हम कितने दूर चले जाएं, लेकिन हम जो काम करे उसकी आवाज गूंजनी चाहिए.÷ ओपल ने कहा, ÷मैंने ये सीखा है कि हमें एक ऐसा इंसान बनना चाहिए, जिनकी हमारे चाहने वाले तारीफ करें. इस बात से कोई भी फर्क नहीं पड़ता है कि हम कितने दूर चले जाएं, लेकिन हम जो काम करे उसकी आवाज गूंजनी चाहिए.÷ उनके इस जवाब को सुनकर वहां मौजूद सभी लोग उनके लिए तालियां बजाने लगे थे. साल 2017 की मिस वर्ल्ड विनर इंडियन एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर भी वहां मौजूद थीं।

# खेतों में जाकर कृषकों से सांसद ने की मुलाकात

## दूसरे दिन 29 किलोमीटर की पदयात्रा कर ग्रामीणों के बीच पहुंचे सांसद



**छिन्दवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत संकल्प यात्रा और मेरा गांव मेरा सांसद अभियान के अंतर्गत 3 दिवसीय पदयात्रा पर निकले सांसद बंटी विवेक साहू ने यात्रा के दूसरे दिन 29 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए 8 गांवों सहित छोटे मंझरे टोले में पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए उनसे संवाद किया और उन्हें भाजपा सरकार के विकास कार्यों की जानकारी दी। नौतपे की तपती ओर चिलचिलाती धूप के बीच ग्रामीणजनों ने सांसद बंटी विवेक साहू का भव्य आत्मीय स्वागत किया।

दूसरे दिन की पदयात्रा के दौरान प्रमुख रूप से भाजपा के छिन्दवाड़ा प्रभारी संतोष पारिख, परासिया विधानसभा प्रभारी श्रीमती ज्योति डेहरिया, ज़िला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, नगरपालिका परासिया अध्यक्ष विनोद मालवी, वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश साहू, परमजीत सिंह विज, जिला पंचायत सदस्य कमलेश उईके, प्रभु नारायण नेमा, मंडल अध्यक्ष राकेश बेलवंशी, राकेश बेलवंशी, बल्लू नागी, रामप्रसाद कुमरे, देवीलाल पाल, परासिया नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर, राजू नरोटे, जितेन्द्र राय, रिज़वान कुरैशी, अनिल राय, अनिल गोयल, अंकित सोलंकी, बिट्टू मंडराह, अंकित तिवारी, संतोष पटेल, रोहित पोफली, दिनेशकांत मालवी सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सांसद ने ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

अपनी पदयात्रा के दौरान गांवों में आयोजित किये गये कार्यक्रमों में सांसद बंटी विवेक साहू ने ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें भाजपा सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि हमारी सेनाओं ने जिस तरह ऑपरेशन सिंदूर को सफलता पूर्वक पूरा किया है, उस पर हम सभी देशवासियों को गर्व है। उन्होंने बताया कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया है, प्रधानमंत्री का संकल्प है कि जन-जन तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्हीं की मंशा के अनुरूप आज लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है।

### किसानों को जैविक खेती अपनाने और सूर्य घर योजना का लाभ उठाने की अपील की

पदयात्रा के दौरान सांसद साहू को कार्यकर्ताओं का साथ और ग्रामीणों का उत्साह नौतपे में जून माह की तपन भरी दोपहर और चिलचिलाती धूप भी ठंडक का अहसास करा रही थी। ग्राम मांडईमाल में सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की ओर हमारे कदम लगातार तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। यहां उन्होंने किसानों से मिलकर उन्हें जैविक खेती अपनाने और सूर्य घर योजना का लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों के साथ ही सरपंच श्रीमती राजकुमारी यदुवंशी, बूथ अध्यक्ष पवन यदुवंशी, दिनेश यदुवंशी, राजाराम पटेल, लक्ष्मी चंद पटेल, प्रहलाद यदुवंशी, राधेश्याम यदुवंशी, देवेंद्र विश्वकर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तंबाकू को कहे न और जिंदगी को कहे हां विषय पर कार्यशाला



**छिंदवाड़ा।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला छिंदवाड़ा शाखा द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर सोनी कंप्यूटर एजुकेशन संस्थान में कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर अजय मोहन वर्मा ने उपस्थित होकर छात्रों को तंबाकू से होने वाली गंभीर बीमारियों एवं उससे परिवार पर पड़ने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया। उन्होंने तंबाकू खाने एवं पीने की आदत से कैसे मुक्त हुआ जा सकता है इसकी जानकारी से युवाओं को अवगत कराया। जिला रेड क्रॉस समिति के सचिव डॉ एस ए ब्राउन द्वारा अनमास्किंग द अपील एक्सपोजिंग इंडस्ट्री ट्रैक्टकस आंन टोबैको और निकोटीन प्रोडक्ट थीम पर जानकारी दी एवं युवाओं को नशे की लत से दूर रहकर अपने कैरियर पर ध्यान केंद्रित करने हेतु प्रेरित किया। एन एस एस जिला संगठक प्रो रविंद्र नाफड़े ने सुंदर गीत गाकर नशे के दुष्परिणाम एवं स्वयं के जीवन को कैसे सार्थक बनाएं इसकी जानकारी युवाओं को प्रदान की। कार्यक्रम में सहभागी विद्यार्थियों को रेडक्रॉस समिति छिंदवाड़ा द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनी कंप्यूटर एजुकेशन के डायरेक्टर श्रीमती कीर्ति मनोज सोनी, प्राचार्य रोहित वर्मा, शिक्षक गण, एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी नितिन गडकरी, यशवंत प्रजापति, प्रहलाद मालवी एवं यूथ रेड क्रॉस के स्वयंसेवक विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में रेडक्रॉस समिति छिंदवाड़ा के कोषाध्यक्ष अध्यक्ष विनीत त्रिवेदी द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।

## कलेक्टर कार्यालय में राष्ट्र-गान एवं राष्ट्र-गीत के गायन

**छिन्दवाड़ा।** राज्य शासन के निर्देशानुसार आज माह के प्रथम कार्यदिवस पर राष्ट्र-गान एवं राष्ट्र-गीत गायन के



बाद कार्यालयीन गतिविधियां प्रारंभ हुईं। कलेक्टर कार्यालय के प्रांगण में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में प्रभारी एडीएम एवं संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी व डिप्टी कलेक्टर श्री आर.के.मेहरा के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्र-गान जन गण मन एवं राष्ट्र-गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। शासकीय कलापथक दल द्वारा राष्ट्र-गान एवं राष्ट्र-गीत का संगीत के साथ गायन कराया गया।

## प्रगति ने 3609 रैंक हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया

**परासिया।** विधानसभा क्षेत्र के संत चावरा नेशनल अकादमी चांदामेटा की छात्रा प्रगति डोंगरे ने जेईई एडवांस परीक्षा में 3609 रैंक हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्राचार्य फादर जैसन ने प्रगति की इस अप्रतिम सफलता पर उसे शुभकामनाएं दी तथा निरंतर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।साथ ही समस्त शिक्षकगणों ने बधाई दी। प्रगति ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता - पिता तथा गुरुजनों को दिया।

## अटल पेंशन योजना का लाभ उठाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करें

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम कार्यालय,



सीएम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही विभिन्न समसामयिक एवं अंतर्विभागीय मुद्दों पर भी चर्चा की और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।सीएम हेल्पलाइन शिकायतों पर अभी से ध्यान दें, ए ग्रेड मेंटेन रखें- कलेक्टर सिंह ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के गुणवत्ता और समयबद्ध निराकरण के लिए माह की शुरुआत से ही ध्यान देने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए हैं। गत माह जिला ए ग्रेड में रहा है, इसे आगे भी बनाए रखना है। इसके लिए उन्होंने प्रभारी अधिकारी को अभी से जिला कंट्रोल रूम शुरू करने और निराकरण योग्य अधिक से अधिक शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर संतोषजनक समाधान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जन आकांक्षा पोर्टल पर सीएम हाउस से प्राप्त 341 लंबित पत्रों का जबाव यथाशीघ्र दर्ज करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। टी एल बैठक में दिए निर्देशों का पालन सुनिश्चित नहीं करने वाले अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर की और सभी टीएल प्रकरणों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि यदि टीएल बैठक में शामिल प्रकरणों का समय-सीमा में समाधान नहीं किया गया, तो संबंधित अधिकारी निराकरण न होने तक वेतन रोका जाएगा। साथ ही लगातार चलने वाले प्रकरणों में साप्ताहिक प्रगति के आंकड़े अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किए जाएं। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि शासन की अटल पेंशन योजना बहुत फायदेमंद है। इसका कोई भी व्यक्ति लाभ उठा सकता है। इसके लिए अपने बैंक में जाकर एक फॉर्म भरकर शाखा मैनेजर को देना होगा। 18 से 40 वर्ष आयु के व्यक्ति इसमें शामिल हो सकते हैं। निर्धारित फॉर्म भरने के बाद हर माह उम्र और पेंशन के अनुसार 90 रुपए से 300 रुपए तक की राशि उनके खाते से प्रीमियम के रूप में काटी जाएगी। 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर हर माह 1000 से 5000 हजार रुपए तक की पेंशन प्राप्त होगी ,जो बुजुर्गों के जीवन यापन के लिए मददगार साबित होगी। उन्होंने सभी एसडीएम को अभियान चलाकर पीएम स्वनिधि योजना, लाडली बहना योजना, मनरेगा श्रमिकों, आहार अनुदान योजना के हितग्राहियों, सचिव, जी.आर. एस, पीएम स्व निधि योजना के हितग्राहियों, पटवारी आदि सभी को इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए हैं।

## शहर में वाहन चोरों का आतंक

### दिन दहाड़े वाहन चोरी कर ले जा रहे चोर पुलिस की लापरवाही से बढ़ा आक्रोश

**छिंदवाड़ा**, छिंदवाड़ा शहर इन दिनों वाहन चोरों के निशाने पर है। बीते कुछ सप्ताहों में शहर के विभिन्न इलाकों से दर्जनों दोपहिया वाहनों की चोरी की घटनाएं सामने आई हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी बड़े गिरोह को पकड़ने में असफल रही है। इससे आम नागरिकों में भारी नाराजगी और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। शहर के मुख्य बाज़ार, स्टेशन रोड, परासिया रोड, बीएसएनएल के पास और सिविल लाइंस जैसे क्षेत्रों से लगातार वाहन चोरी की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। पीड़ितों का आरोप है कि पुलिस शिकायत दर्ज करने में टालमटोल करती है और उचित जांच नहीं करती, जिससे चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। स्थानीय निवासी आनंद बारे, जिनकी बाइक दो दिन पहले उनके बी एस एन एल के सामने से चोरी हो गई, कहते हैं, सीसीटीवी फुटेज होने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। रिपोर्ट लिखवाने के लिए भी हमें घंटों थाने के चक्कर काटने पड़े। पुलिस प्रशासन द्वारा न तो रात्रि गश्त को बढ़ाया गया है और न ही शहर के संवेदनशील इलाकों में निगरानी के पर्याप्त उपाय किए गए हैं। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या पुलिस प्रशासन अपराध पर नियंत्रण पाने के प्रति गंभीर है? जन प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने इस विषय को लेकर जल्द कार्रवाई की मांग की है। यदि पुलिस जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाती, तो शहर में नागरिक आंदोलन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक का कहना है कि हम वाहन चोरी की घटनाओं को गंभीरता से ले रहे हैं आने वाले दिनों में विशेष अभियान चलाकर ऐसे अपराधों पर लगाम लगाई जाएगी। फिलहाल, छिंदवाड़ा की जनता यह उम्मीद कर रही है कि पुलिस अपनी जिम्मेदारी निभाए और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करे, ताकि लोग चैन की नींद सो सकें।

## कमलनाथ व नकुलनाथ के प्रयासों से उच्च प्रशिक्षित हो रहे युवा

### सैकड़ों युवाओं को बहुराष्ट्रीय कम्पनियों से प्राप्त हो रहा निःशुल्क प्रशिक्षण



**छिन्दवाड़ा।** संसदीय क्षेत्र छिन्दवाड़ा के चंहूमुखी विकास के सूत्रधार कमलनाथ एवं नकुलनाथ की दूरगामी सोच का परिणाम है कि राष्ट्रीय अथवा बहुराष्ट्रीय कम्पनियां एक ही छत के नीचे विभिन्न उच्च श्रेणी के विषयों का प्रशिक्षण दे रही है। गुणवत्ता युक्त प्रशिक्षण प्राप्त कर युवक व युवतियां रोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। शिक्षा व रोजगार के क्षेत्र में युवाओं को अपनी प्राथमिकता में रखने वाले नेताद्वय के प्रयासों से सीआइआइ में कमिन्स इंडिया लिमिटेड, सापुरजी-पालोंजी लिमिटेड, मारुति सुजुकी, वोल्टास व आईएचसीएल (ताज) का निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। कमलनाथ जी एवं नकुलनाथ के प्रयासों से निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सैकड़ों युवाओं ने शिकारपुर कमलकुंज पहुंचकर नेताद्वय से भेंट की और पुष्प गुच्छ देकर आभार व्यक्त किया। उपस्थित प्रशिक्षणार्थी युवक व युवतियों ने कहा कि स्थानीय स्तर पर इन कम्पनियों की ओर से तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करना असंभव था, किन्तु माननीय कमलनाथ जी एवं माननीय नकुलनाथ जी के प्रयासों से यह संभव हो पाया है। नेताद्वय ने प्रशिक्षण से सम्बंधित जानकारी लेते हुए युवाओं को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। नेताद्वय से भेंट करने पहुंचे युवाओं के साथ सीआइआइ का अन्य स्टॉफ व कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## शराब के लिए पैसे मांगना धमकी देना पड़ा महंगा

**छिंदवाड़ा।** देहात पुलिस ने काराबोह डेम में घूमने गए युवक से शराब पीने के लिए पैसे मांगने और धमकी देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गत दिनों प्रार्थी सिद्धांत पिता अनिल भार्गव उम्र 22 साल निवासी गुरैया (देहात) अपने मित्र के साथ काराबोह डेम घूमने गया था। शाम करीबन 06:00 बजे काराबोह डेम के सामने घूमते समय वहाँ पर मोनू उर्फ सहदेव भारती, आयुष उर्फ सत्यम डेहरिया और शेखर भारती आए और कहने लगे कि तुम लोग हमारे एरिया में घूमने आए हो इसलिए तुम्हें हमें शराब पीने के लिए 1,500 रुपये देने होंगे। प्रार्थी द्वारा शराब पीने के लिए पैसे देने से मना करने पर शेखर भारती ने सिद्धांत के गले में कटर निकालकर रख दिया और जान से मारने की धमकी दी।प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना देहात में अप.क्र. 274/25 धारा 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना कार्यवाही के दौरान पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पाण्डे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के नेतृत्व में थाना प्रभारी देहात गोविन्द राजपूत द्वारा पुलिस टीम गठित की गई। टीम द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय कर आरोपियों की तलाश पतासाजी की गई। दिनांक 25 मई 2025 को आरोपीगण (1) मोनू उर्फ सहदेव पिता रामकिशन भारती उम्र 22 साल, (2) आयुष उर्फ सत्यम पिता हरि डेहरिया उम्र 22 साल दोनों निवासी गंगई को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। मामले में एक अन्य फरार आरोपी शेखर पिता रंजीत भारती उम्र 21 साल निवासी चांदमेटा (छिंदवाड़ा) का जो पूर्व से आपराधिक प्रवृत्ति का है, जिसके विरुद्ध पूर्व में भी चोरी, मारपीट संबंधी अपराध पंजीबद्ध/ न्यायालयीन विचाराधीन हैं, जिसकी पतासाजी कर आज दिनांक 02 जून 2025 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी शेखर पिता रंजीत भारती उम्र 21 साल निवासी चांदमेटा (छिंदवाड़ा) का आपराधिक रिकॉर्ड है, जिसमें कई मामले हैं।

## अहिल्याबाई के कार्यो को जन तक पहुंचाएं

**छिंदवाड़ा।** नगर के पूजा लॉन छिंदवाड़ा में लोकमाता पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती के समापन समारोह का भव्य आयोजन किया गया इस त्रिशताब्दी वर्ष को विशेष रूप से मनाने के लिए जिले भर में वर्ष भर प्रेरणादायक व्याख्यान माला, अनेक मंदिरों की सफाई विद्यालय एवं महाविद्यालयों में संगोष्ठी के आयोजन किये गए। जिसमें जनसामान्य, बच्चो युवाओं एवं महिलाओं की राष्ट्रीय भागीदारी रही।समापन समारोह कार्यक्रम में मंच संचालन कुमारी संस्कृति द्वारा किया गया।सर्वप्रथम दिप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ परिचय कार्यक्रम की सहसंयोजक का श्रीमती सेवंती बरखानिया दीदी द्वारा किया गया फिर अतिथियों का स्वागत वंदन पश्चात लोकमाता अहिल्यादेवी होलकर के राजसी प्रसंग की नृत्य नाटिका की स्कूल के बच्चों द्वारा आकर्षक प्रस्तुति की गई। देवी अहिल्याबाई के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने हेतु देवी अहिल्याबाई होल्कर समिति की संयोजिका शिप्रा गुप्ता ने बताया कि देवी अहिल्याबाई के जीवन आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने हेतु वर्षभर में व्यापक कार्यक्रमों की श्रृंखला चलाई गई। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती संध्या शर्मा (भौतिक विज्ञान व्याख्याता) उपस्थित रही उन्होंने देवी अहिल्याबाई जी के विशिष्ट कार्यों के योगदान को बताया।

## रेल सुविधा विस्तार को लेकर छिंदवाड़ा पांढुर्णा जिले की हो रही है उपेक्षा

### पूणे रीवा वाया छिंदवाड़ा चलाए जाने की मांग

**सौसर।** रेल सुविधा विस्तार कहे या रेलवे लाइन के दोहरीकरण हो या छिंदवाड़ा स्टेशन में पीट लाइन की सुविधा से जोड़े जाने की बात हो इन सभी मुद्दों को लेकर छिंदवाड़ा जिला लगातार उपेक्षा का शिकार हो रहा है वहीं पड़ोसी जिला सिवनी तथा बालाघाट जिले रेल सुविधा विस्तार में आगे निकल गये है सिवनी को जहां पातालकोट, पेंचवेली शहडोल रीवा की सौगात मिली तो बालाघाट को जबलपुर तक रेल दोहरीकरण की स्वीकृति के साथ जबलपुर चेन्नई पूना रायपुर जैसे महानगरों के लिए सुपरफास्ट गाड़िया तो वहीं छिंदवाड़ा जिला बालाघाट की अपेक्षा पिछड़ता नजर आ रहा है तो पांढुर्णा का संतरांचल मात्र दो एक्सप्रेस में सिमट गया है इसमें कहीं ना कहीं जिले के जन प्रतिनिधि की उदासीनता कहे या दिल्ली दरबार में मज़बूत पकड़ कहीं ना कहीं छिंदवाड़ा पांढुर्णा जिले की रेल विभाग निरंतर उपेक्षा कर रहा है कमलनाथ सरकार के समय पांढुर्णा छिंदवाड़ा जिले में स्वीकृत परियोजना में दिए गए पूर्ण बजट को भाजपा सरकार द्वारा बजट में कटौती की गई जो अधूरे परियोजनाओं को पूरा करने में भी कहीं भाजपा सरकार रुचि नहीं दिखा रही है जो चर्चा का विषय बना हुआ है विधानसभा चुनाव को लगभग डेढ़ साल का समय और लोकसभा चुनाव को 1 साल पूरा हो रहा है किंतु जिले की जनता विकास को लेकर आस लगाए बैठी है बीते समय विधानसभा चुनाव में जिले के विकास प्छिंदवाड़ा जिले की आठों विधानसभा सीट कांग्रेस के झोली में गई थी ताकि कमलनाथ सरकार बने और जिले का विकास हो किंतु प्रदेश में कांग्रेस को बहुमत नहीं मिलने से सरकार नहीं बन पाई यह जिले का दुर्भाग्य रहा बाद उसके केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार बनी जनता ने संसद के लिए बंटी साहू पर विश्वास जताया और प्रचंड बहुमत से विजय दिलाई किंतु विडंबना इस बात की है कि रेल सुविधाओं के विस्तार से लेकर कमलनाथ सरकार के समय स्वीकृत अन्य विकास कार्यों को अभी तक गति नहीं मिल पाई है जो आम जनों में चर्चा का विषय बनी हुई है चर्चा यह भी है कि बीते समय छिंदवाड़ा से नागपुर के बीच भंडार कुंड के पास ठेकेदार की लापरवाही एवं घटिया निर्माण के चलते नवनिर्मित पुलिया में दरार आने से रेल मार्ग बाधित रहा जिसको चालू करने में 6 माह से भी ज्यादा का समय रेल विभाग ने लगा दिया इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जनप्रतिनिधि यो की रेल विभाग में कितनी पैठ है हाल ही में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मध्य प्रदेश को तीन एक्सप्रेस गाड़ियों की सौगात दी है जिसमे नागदा तथा जबलपुर से रायपुर एवं पुणे से रीवा है



जो की जबलपुर से रायपुर एवं पुणे से रीवा वाया गोंदीया बालाघाट होकर चलाए जाने की योजना है जो जिले की उपेक्षा है यदि बालाघाट को जबलपुर रायपुर एक्सप्रेस सुविधाजनक होगी वही पुणे से रीवा वाया छिंदवाड़ा चलाई जाती है तो समय की बचत के साथ-साथ जिले को एक नहीं ट्रेन की सौगात मिल सकती है छिंदवाड़ा जिले के सांसद से पुणे रीवा ट्रेन वाया छिंदवाड़ा चलाए जाने के लिए भरसक प्रयास किए जाने का अनुरोध पांढुर्णा छिंदवाड़ा जिले की जनता कर रही है ताकि संतरांचल के यात्रियों को भी यात्री सुविधा का लाभ हो सके आम चर्चा यह भी है कि यदि कमलनाथ या नकुलनाथ सांसद होते तो रेल सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ विकास से संबंधित कोई बात को लेकर संसदीय क्षेत्र की उपेक्षा नहीं होने देते किंतु राज्य और केंद्र में भाजपा सरकार होने के बावजूद भी संतरा अंचल के साथ-साथ छिंदवाड़ा को रेल सुविधाओं के विस्तार एवं अन्य सुविधाओं को लेकर छिंदवाड़ा की उपेक्षा की जा रही है इससे आम जनों में निराशा छाई हुई है।

## किसानों को नहीं मिल रही है कृषि संबंधी जरूरी सलाह

**छिंदवाड़ा।** जिला किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि वर्तमान में जिले के किसान खरीफ फसल की बोनी की तैयारी में जोर-शोर से लगे हैं, उन्होंने आगे बताया कि जिले की कृषि भूमि विभिन्न किस्मों की है, इस कारण किसानों को किस जमीन में कितनी खाद डालना है, कौन सा बीज और क्या लगाना है, और कौन-कौन से उपचार करना है, उसकी जानकारी अनुपलब्ध है। किसानों को अधिक उत्पादन प्राप्त हो सके इस कारण इस तकनीक का उपयोग होना चाहिये, उन्होनें यह भी कहा कि एक ओर सरकार उन्नत कृषि संकल्प अभियान चला रही है, वह भी मात्र औपचारिकता साबित हो रहा है, कृषि विभाग पर वैज्ञानिक केवल कार्यालय में बैठकर किसानों को सलाह दे रहे हैं, इससे किसानों को वास्तविक रूप से कोई फायदा नहीं हो रहा है।

## मलेरिया रथ को सीएमएचओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### जून माह को मलेरिया माह के रूप में मनाएगा स्वास्थ्य विभाग



**छिन्दवाड़ा।** राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिवर्ष के अनुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा जून माह को मलेरिया माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आज मलेरिया रोग से बचाव का प्रचार-प्रसार करने के लिये मलेरिया रथ को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एन.के. शास्त्री एवं जिला मलेरिया अधिकारी देवेंद्र भालेकर, जिला स्वास्थ्य मीडिया अधिकारी डॉ.प्रमोद वासनिक, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.धीरज दावंडे द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस माह में कौन-कौन सी गतिविधियां की जानी है, इस विषय पर जिला मलेरिया अधिकारी भालेकर द्वारा कार्यशाला में निर्देश दिए गए कि कैलेंडर के अनुसार ब्लॉक में गतिविधियां आयोजित किया जाये एवं इस माह में ब्लॉक स्तर पर पंचायत स्तरीय कार्यशाला, क्षमता वर्धन कार्यशाला, सेक्टर एडवोकेसी एवं ब्लॉक एडवोकेसी आयोजित कर प्रत्येक फीवर केस की आर.डी. किट से जांच करने, मच्छरदानी का प्रतिदिन प्रयोग, साफ पानी में लार्वा न पनपे इसके लिए प्रतिबंधात्मक उपाय आशा के माध्यम से किए जाने के निर्देश दिए गये। मलेरिया का वाहक मच्छर मादा एनाफिलीज साफ पानी में अंडे देते है एवं रात के समय काटते हैं। यदि प्रत्येक परिवार मच्छरदानी का प्रयोग करें तो इसका संचरण रुक सकता है। आज की कार्यशाला में सभी विकासखंड के मलेरिया निरीक्षक एवं मलेरिया टेक्निकल सुपरवाइजर उपस्थित थे।

## ईदुज्जुहा पर्व के मद्देनजर जिला शांति समिति की बैठक संपन्न

### शांति पूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील, सोशल मीडिया पर रहेगी साइबर सेल की नजर



**छतरपुर।** आगामी 7 जून को ईदुज्जुहा पर्व के मद्देनजर कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एएसपी विदिता डागर, संयुक्त कलेक्टर बलवीर रमन, एसडीएम अखिल राठौर, सीएसपी अमन मिश्रा, सीएमओ माधुरी शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं समिति के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। बैठक में शांति पूर्ण ढंग से त्योहार को मनाने के संबंध में एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में सदस्यों द्वारा चर्चा कर सर्व सम्मति से निर्णय लिए गए। जिला प्रशासन द्वारा मुख्य नगरपालिका अधिकारी छतरपुर को नगर में ईदगाह,कोठी पहाड़ मस्जिद, पुरानी ईदगाह, पुरानी जामा मस्जिद, नई जामा मस्जिद पुलिस लाईन की साफ-सफाई व्यवस्था के आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही कार्यपालन यंत्री, विद्युत विभाग को त्यौहार के दिन बिजली कटौती न होने के संबंध में निर्देशित किया गया। साथ ही पीएचई विभाग को पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सीएसपी छतरपुर द्वारा बताया गया कि किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं दे अगर कोई भी घटना होती है तो तत्काल पुलिस को सूचना दे।साथ ही ट्रैफिक प्रभारी को ईदुज्जुहा नमाज के समय यातायात व्यवस्था सुगम बनाये रखने के संबंध में निर्देशित किया गया।

### शहरवासी घरों के कचरे को कचरा गाड़ी में ही डालें- नपा अध्यक्ष

**छतरपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष छतरपुर ज्योति चौरसिया ने सोमवार को शहर में हो रहे निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान पार्षद रामदयाल यादव एवं सहायक यंत्री देवेन्द्र धाकड़, इंजीनियर नीतेश चौरसिया, अंकित अरजरिया उपस्थित रहे। शहर में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत स्वच्छता टीम द्वारा गायत्री मंदिर तलैया पर जेसीबी मशीन से सतह पर छाई जलीय पौधो को बाहर निकाल कर तालाब को स्वच्छ बनाने का कार्य किया जा रहा है।

## श्रीमद भगवदगीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर तर्पण किया



**छिंदवाड़ा** सन्त श्री आशारामजी आश्रम लिंगा में आज वरिष्ठ पत्रकार संजय भारद्वाज की पूज्य माता जी सरला भारद्वाज पति श्याम सुंदर भारद्वाज के मोक्ष हेतु श्री मद भगवदगीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर तर्पण किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई ने बताया कि शास्त्रों में ऐसा आता हैं कि जिस व्यक्ति का शरीर छूट गया है उसके लिए तीसरा, तेरवहीं और गंगा पूजन का विधान है। किसी कारणवश समय पर यह सब ना कर पाएं तो श्री मद भगवदगीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर पुण्य अर्पण करने से भी मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरा ,तेरवहीं, गंगा पूजन के साथ श्री मद भगवदगीता का पाठ भी मोक्षदायी है। संस्था समय - समय पर जिले के प्रसिद्ध लोग या संस्था से जुड़े लोग जिनका शरीर छूट गया है उनके मोक्ष हेतु यह सेवा कार्य करती रहती हैं। लिंगा आश्रम में आज सरला भारद्वाज जी और लिंगा आश्रम में समर्पित गीता बहन की पूज्य माता जामवंती पाल (राजना) के लिए भी गीता पाठ कर विधिवत तर्पण किया गया। वरिष्ठ पत्रकार संजय भारद्वाज जी के पूज्य दादा जी वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. रमेश चन्द्र भारद्वाज जी का संस्था के प्रति त्याग और तपस्या अवर्णनीय है। इस अवसर पर साध्वी रेखा बहन, साध्वी प्रतिमा बहन, समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई, खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई, सुभाष इंगले, अशोक कराडे, नारायण ताम्रकार, रामराव लोखंडे, कैलाश राउत, गोवर्द्धन मालवीय, बबलू माहोरे, भूपेश पहाड़े, ललिता विलास घोंगे, विमल शेरके, रुपाली इंगले, प्रीति सोंनारे, सुधा ताम्रकार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# 1857 की क्रांति की मशाल जलाने वाले
# सतपुड़ा के पराक्रमी सपूत
# भभूत सिंह

## के अमर बलिदान और शौर्य को समर्पित

उनकी कर्मस्थली में



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद की बैठक

अध्यक्षता

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**3 जून, 2025 । अपराह्न 2:00 बजे । राजभवन, पचमढ़ी**

"पचमढ़ी नैसर्गिक सौंदर्य से समृद्ध और प्रदेश का सर्वाधिक आकर्षक पहाड़ी पर्यटन स्थल होने के साथ अतीत में आदिवासी समाज के बलिदान की दृष्टि से एक प्रमुख स्थल रहा है। तात्या टोपे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर राजा भभूत सिंह ने आज़ादी की जंग में वीरता का प्रदर्शन किया। भभूत सिंह में शिवाजी महाराज की छवि दिखायी देती थी। उनके बलिदान को स्मरण करते हुए पचमढ़ी में मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद की बैठक का आयोजन राजा भभूत सिंह के गौरवशाली योगदान को जनमानस के समक्ष लाने का प्रयास है।"

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

### जनजातीय संस्कृति के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध मध्यप्रदेश

- प्रदेश के 89 जनजातीय बहुल विकासखंडों में पेसा नियम लागू
- जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए धरती-आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से जनजातीय समुदाय के सामाजिक, आर्थिक उत्थान एवं मूलभूत सुविधाओं के विकास को मिल रही है गति
- जनजातीय बहुल दूरस्थ क्षेत्रों के 21 जिलों में पीएम जन-मन योजना अंतर्गत 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित
- मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना से सीधे जनजातीय ग्रामों तक पहुंच रहा राशन। स्थानीय जनजातीय युवाओं को मिल रहा रोज़गार
- विशेष पिछड़ी जनजाति युवाओं को सेना, अर्द्ध-सैनिक बलों और पुलिस सेवाओं में भर्ती के लिए प्रशिक्षण हेतु जनजातीय बटालियन का गठन
- तेंदूपत्ता संग्रहण का पारिश्रमिक ₹ 3000 से बढ़ाकर ₹ 4000 प्रति बोरा किया गया
- शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए 63 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, 82 आवासीय कन्या परिसर एवं 8 आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित



सीधा प्रसारण | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

D-11036/25

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी